डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक

# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 172 | पेज: 8 | जयपुर, रविवार, 01 जून 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये



## बंगाल की खाड़ी में 'डिप्रेशन', मानसून में होगी देरी

### एमपी-यूपी में अब 14 दिन देरी से आएगा मानसून

नई दिल्ली (एजेंसी)। 24 मई को मानसून की इंट्री के बाद यह 17 राज्यों में दस्तक दे चुका है। सिर्फ छह दिनों में देश में अब तक 33 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। गुरुवार को यह पूर्वोत्तर के बचे हिस्से और फिर सिक्किम पार कर पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्रों में पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को यह बिहार व बाकी पश्चिम बंगाल में पहुंच सकता है। हालांकि, अब इसकी रफ्तार थमने के आसार हैं।

बंगाल की खाड़ी में बना दबाव वाला क्षेत्र सागर द्वीप से होते हुए बांग्लादेश की ओर बढ़ेगा। यह डिप्रेशन उत्तर भारत की ओर मानसून को धकेलने के बजाय विपरीत दिशा में खींचेगा। इससे मानसून की गति धीमी हो जाएगी। दो-तीन दिनों में असर दिखेगा। अनुमान है कि मानसून पर एक हफ्ते से 10 दिन का ब्रेक लग सकता है, जिससे मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश का इंतजार बढ़ सकता है। आईएमडी के अनुसार, गुरुवार को पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश तटों से दूर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव लगभग उत्तर की ओर बढ़ा और पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश तटों को पार कर गया। इसके चलते अगले 24 घंटों में असम में भारी बारिश की संभावना है। सबसे ज्यादा असर कछार, हैलाकांडी, श्रीभूमि, धुबरी, दक्षिण सालमारा में होगा।



### वाह री हरियाणा पुलिस!

## जमानत किसी और को मिली थी, रिहा किसी और को कर दिया

बल्लभगढ़ (एजेंसी)। फरीदाबाद के नीमका जेल में कैदी को रिहा करने का एक अनूठा मामला सामने आया है।



### फरीदाबाद की नीमका जेल में सामने आया एक अजीब मामला

जमानत किसी और कैदी को मिली और उसे अपना बताकर 4 साल से जेल में बंद दूसरा कैदी जेल से बाहर आ गया। वह पॉक्सो एक्ट में बंद था। जेल प्रशासन इससे अनजान रहा। कैदियों के नाम एक जैसे और पिता के नाम की समानता ने ऐसा धोखा दिया कि असली जमानत पाने वाला जेल में रह गया, जबकि गंभीर धाराओं में बंद आरोपी फरार हो गया। अब सदर बल्लभगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कैदी पटना जिले का रहने वाला नीतिश कुमार पांडे है। उसके पिता का नाम रविंद्र है। वह राजीव कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था। 25 मई को ओल्ड फरीदाबाद के शास्त्री कॉलोनी निवासी नितेश कुमार (पिता-रविंद्र) को मारपीट के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। 26 मई को उसे अदालत से जमानत मिल गई। इस दौरान, जेल में पॉक्सो ऐक्ट में बंद उससे मिलता-जुलता नाम वाला दूसरा आरोपी नीतिश कुमार पांडे जेल अधिकारियों को झांसा देकर जमानत पर रिहा हो गया।

## जो वादा करके गया था, उसे पूरा करके बिहार आया हूं

### पीएम बोले-कहा था पहलगाम के आतंकियों को कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी, सेना ने उनके ठिकाने खंडहर बना दिए



सासाराम (एजेंसी)। पीएम मोदी ने शुक्रवार को बिहार के सासाराम के दुर्गाडीह में जनसभा की। करीब 33 मिनट के भाषण में उन्होंने आतंक को लेकर कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के 1 दिन बाद मैं बिहार आया था।

मैंने बिहार की धरती से जो वचन दिया था वो पूरा किया। मैंने कहा था माताओं का सुहाग उजाड़ने वालों को कल्पना से भी बड़ी सजा होगी। ऐसी ही सजा उन्हें दी गई। हमारी सेना ने आतंकियों के ठिकानों को खंडहर में बदल दिया। भारत की बेटियों के सिंदूर की शक्ति को पाकिस्तान और दुनिया ने भी देखा। दुश्मन जान ले कि 'आपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है। आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई न रुकी है और न थमी है। आतंक का फन फिर उठेगा तो बिल से खींचकर कुचलेंगे। चाहे सीमा पार हो या फिर सीमा के अंदर हो। पहलगाम में आतंकी हमले में हमारे कितने निर्दोष नागरिक मारे गए। इस आतंकी हमले के एक दिन बाद मैं बिहार आया था और वादा किया था।

## आज भोपाल में मोदी, पीएम संग मंच पर बैठेंगी महिला मंत्री

- सिंदूरी साड़ी और सेना जैसी वर्दी में व्यवस्था संभालेंगी कार्यकर्ता

भोपाल (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 31 मई को भोपाल के जंबूरी मैदान पर देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित करेंगे। मंच पर देवी अहिल्याबाई के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तस्वीरें भी नजर आएंगी। महासम्मेलन के लिए





भोपाल से 500 किलोमीटर के दायरे के 16 जिलों से महिलाओं को बुलाया गया है। दावा है कि कार्यक्रम में दो लाख महिलाएं शामिल होंगी। महिला महा सम्मेलन में चार महिलाएं पीएम मोदी को सिंदूर का पौधा भेंट करेंगी। यह चारों महिलाएं गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि की होंगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश में यह पहला महिला सम्मेलन है। इस महिला सम्मेलन में प्रधानमंत्री का संबोधन पूरे देश के साथ वैश्विक स्तर पर भी देने की कोशिश बीजेपी की ओर से होगी।

## चीफ इंजीनियर के घर में छापेमारी

- घर में मिला करोड़ों का कैश, नोट गिनने को मंगाई गई मशीन
- विजलेंस की टीम को देखकर खिड़की से फेंके नोटों के बंडल

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा के ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर ने घर में इतना कैश रखा था कि जब विजिलेंस टीम की छापेमारी की भनक लगते ही वह रुपयों का बंडल फ्लैट से फेंकने लगा। विजिलेंस टीम को भी रुपये गिनने के लिए 7-8 कर्मचारियों की ड्यूटी लगानी पड़ी। कैश गिनने के लिए मशीन भी मंगाना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, चीफ इंजीनियर के घर में 2.1 करोड़ की नगदी बरामद हुई। ओडिशा की विजिलेंस टीम को चीफ इंजीनियर बैकुंठ नाथ सारंगी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिली थी। इस आधार पर स्पेशल जज (विजिलेंस) ने सर्च वॉरंट जारी किया। छापेमारी के लिए 8 डीएसपी, 12 इंस्पेक्टर और छह असिस्टेंट सब इंपेक्टर की टीम बनाई गई। विजलेंस टीम ने शुक्रवार को सारंगी के सात ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान चीफ इंजीनियर भुवनेश्वर के अपने फ्लैट में थे।





## एक शिफ्ट में हो नीट पीजी का एग्जाम, 'सुप्रीम' आदेश

### कहा-समय चाहिए तो आवेदन कर सकते हैं, 15 जून को होनी है परीक्षा



नईदिल्ली (एजेंसी)। नीट पीजी परीक्षा एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यह आदेश दिया। छात्रों ने 2 शिफ्ट में परीक्षा के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उनका कहना था कि 2 शिफ्ट में एग्जाम से क्वेश्चन पेपर के डिफिकल्टी लेवल में फर्क होता है, जो फेयर इवैल्युएशन नहीं है। परीक्षा में हासिल किए गए नंबर्स में भी फर्क आ जाता है। नीट पीजी एग्जाम 15 जून को होना है जिसके लिए एडमिट कार्ड 2 जून को जारी होंगे।

ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मामले की जल्द सुनवाई की है। बेंच ने कहा- ये तर्क माना नहीं जा सकता कि एग्जाम कराने के लिए एनबीई (नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन) को पर्याप्त सेंटर नहीं मिले। 2 शिफ्ट में एग्जाम कराना फेयर नहीं है। दो पेपर्स का डिफिकल्टी लेवल कभी एक जैसा नहीं हो सकता। नॉर्मलाइजेशन का इस्तेमाल एक्सेप्शनल केसेज में होना चाहिए, न कि रुटीन परीक्षाओं में। इस साल का एग्जाम 15 जून को होना है। अभी भी एग्जामिनेशन बॉडी तय करने और सेंटर्स चुनने के लिए 2 सप्ताह से ज्यादा का समय बाकी है। इसके बावजूद अगर और समय की जरूरत होती है तो आवेदन कर सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने एनबीई को नीट पीजी परीक्षा 2025 एक ही शिफ्ट में पारदर्शिता के साथ कराने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि 15 जून 2025 को होने वाले नीट पीजी एग्जाम के लिए अभी भी इंतजाम करने का समय है। एनबीई को चाहिए कि वह सेंटर ढूंढे और पारदर्शी तरीके से परीक्षा कराए। सेंटर सुरक्षित होने चाहिए।



## अंकिता मर्डर केस में भाजपा नेता के बेटे समेत 3 लोगों को उम्रकैद

कोटद्वार (एजेंसी)। उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा नेता और पूर्व मंत्री के बेटे पुलकित आर्य समेत 3 को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलकित के अलावा उसके दो कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को भी सजा सुनाई गई है। कोटद्वार जिला कोर्ट ने इस मामले में 2 साल 8 महीने के बाद फैसला दिया है। तीनों दोषियों पर 50 -50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। कोर्ट ने तीनों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अंकिता ऋषिकेश में पुलकित आर्या के रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट थी। 18 सितंबर, 2022 को अंकिता गायब हो गई थी। 24 सितंबर 2022 को अंकिता का शव चीला नहर में मिला था। कोर्ट का फैसला आने से पहले अंकिता भंडारी के पिता वीरेंद्र सिंह ने बेटी के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की थी। उन्होंने कहा- जिन दरिंदों ने उनकी निर्दोष बेटी को मारा, उन्हें मौत की सजा मिलनी चाहिए। 19 साल की अंकिता ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट में बतौर रिसेप्शनिस्ट काम करती थी। 18 सितंबर, 2022 को अंकिता अचानक गायब हो गई थी। इसके बाद उसके पिता ने रिसॉर्ट पहुंचकर कर्मचारियों से पूछताछ की।

## ऐपल, गूगल, फेसबुक सब पर लग गई सेंध!

- 18.4 करोड़ से ज्यादा पासवर्ड हुए ऑनलाइन लीक

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑनलाइन डेटा लीक ऐसी मुसीबत है जो लोगों की डिजिटल सुरक्षा को खतरे में डालता है। एक नए लीक में 18.4 करोड़ से ज्यादा पासवर्ड खतरे में आ गए हैं। ये पासवर्ड ऐपल, गूगल, फेसबुक, माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी कंपनियों से संबंधित बताए गए हैं। साइबर सिक्योरिटी रिसर्चर जेरेमिया फाउलर ने इस लीक को खोजने का दावा किया है।




उनके मुताबिक ऑनलाइन ऐसा अनसेफ डेटाबेस मिला है जिसमें लाखों ईमेल और पासवर्ड थे। वह डेटाबेस एक अनएन्क्रिप्टेड टेक्स्ट फाइल के रूप में था यानी उसे खोलना बेहद आसान था। डेटाबेस में ऐसी जानकारी थी जिसके जरिए लोगों के बैंक अकाउंट और फाइनेंशनल अकाउंट्स में लॉगइन किया जा सकता था।

## एके-47 के लिए 4 लाख, पिस्टल पर 30 हजार का 'ईनाम' घोषित

- सरकार की 'हथियार लाओ ईनाम ले जाओ' वाली योजना हो रही सफल

रायपुर (एजेंसी)। हथियार लाओ कैश ले जाओ! आपने अक्सर तस्वीरें देखी होंगी, जिसमें नक्सली महंगे हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करते दिखाई देते हैं। लेकिन क्या आपने सोचा है कि सरकार की ओर से इन हथियारों के लिए भी नक्सलियों को पैसा दिया जाता है ताकि हिंसा में इस्तेमाल होने वाले ये खतरनाक हथियार ज्यादा से ज्यादा मात्रा में सरकार के पास जब्त हो सकें।



हाल ही में छत्तीसगढ़ में 18 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर सरेंडर कर दिया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर 31 मार्च, 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद के सफाये को लेकर काम करने में लगी हुई हैं। इसके लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। खुद सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने माना कि विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने हथियार छोड़ने का मन बनाया है।

## जाति जनगणना से पहले बनेगी कास्ट लिस्ट

### देश की सभी पार्टियों से सहमति लेगी केन्द्र की सरकार

### एससी-एसटी गिनती में हैं, लेकिन ओबीसी पर असमंजस

नई दिल्ली (एजेंसी)। जाति जनगणना से पहले केंद्र सरकार जातियों की सूची बनाएगी, ताकि सुनियोजित डेटा इकट्ठा हो। जातियों पर राजनीतिक सहमति के लिए इसे सर्वदलीय बैठक में भी रखा जाएगा। राजनीतिक पार्टियों के सुझावों-आपत्तियों के आधार पर सूची फाइनल होगी। गृह मंत्रालय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की हाल में हुई बैठक में यह तय हुआ। जातीय जनगणना के लिए सामाजिक न्याय मंत्रालय समन्वयक रहेगा। जातियों की मान्य सूची जरूरी है, क्योंकि अनुसूचित जाति और जनजाति तो गिनती में हैं। लेकिन अन्य पिछड़े वर्ग की जातियों पर असमंजस है। देश में जनगणना की प्रक्रिया 2026 में शुरू होने की संभावना है। 2011 की जनगणना में जाति-उपजाति का आंकड़ा 46.73 लाख मिला था। यह अविश्वसनीय माना गया था। आखिरी जातीय जनगणना 1931 में हुई थी, जिसमें 4,147 जातियां बताई गई थीं। मंडल कमीशन ने 1980 में अनुमान लगाया था कि ओबीसी 52 फीसदी हैं। अनुसूचित जाति में 28 राज्यों में 1109 जातियां हैं। अनुसूचित जनजाति में 705 जातियां हैं। सामान्य श्रेणी की जातियों की आबादी 30 फीसदी और जातियों के बाहर मुस्लिम, ईसाई और अन्य वर्ग की आबादी 12.56 फीसदी है। यह संख्या अनुमान और सर्वे आधारित हैं। केंद्र ने 30 अप्रैल को जाति जनगणना को मंजूरी दी थी केंद्रीय कैबिनेट ने 30 अप्रैल को जाति जनगणना को मंजूरी दी थी। देश में आजादी के बाद यह पहली बार होगा, जब जाति जनगणना कराई जाएगी। मंत्री ने बताया था कि इसे मूल जनगणना के साथ कराया जाएगा।



## ऑपरेशन सिंदूर ने बदली दिग्गज कांग्रेसी की सोच!

- बोले-अनुच्छेद 370 हटने से कश्मीर में आई समृद्धि, खत्म हुआ अलगाववाद

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा है कि अनुच्छेद 370 को हटाने से कश्मीर में अलगाववाद खत्म हुआ और समृद्धि आई है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था। खुर्शीद ने ये बातें इंडोनेशिया में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में कहीं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में विकास हुआ है और हाल के चुनावों में 65 फीसदी मतदान हुआ। खुर्शीद इंडोनेशिया में थिंक टैंक और शिक्षाविदों के सदस्यों से बात कर रहे थे। वह जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। खुर्शीद ने कहा कि अनुच्छेद 370 के कारण कश्मीर देश से अलग-थलग महसूस होता था। लेकिन अब इसे खत्म कर दिया गया है।



# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## कुछ वर्षों में बिखरने लगी है प्रकृति की गति और लय

प्रकृति की अपनी गति होती है, लेकिन दुख की बात है कि उसकी लय पिछले कुछ वर्षों में बिखरने लगी है। पिछले कुछ दिनों में देश के अलग-अलग हिस्से में कहीं तेज आंधी चली, तो कहीं मूसलाधार बारिश ने कहर बरपाया। दरअसल, वैश्विक ताप बढ़ने के साथ न केवल भारत में, बल्कि दुनियाभर में मौसम का चक्र टूट रहा है। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में अप्रत्याशित आंधी-बारिश आई। राजधानी सहित देशभर के ज्यादातर हिस्से में जहां मई में भीषण गर्मी पड़ती है, वहीं इस बार मौसम इस कदर बदला कि लोगों को विश्वास ही नहीं हुआ कि यह बारिश का मौसम है या गर्मी का।

मौसम विभाग ने ही बताया कि पिछले शनिवार को हुई बारिश ने 125 वर्ष का रेकार्ड तोड़ दिया। कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए और रिहाइशी इलाकों में भी काफी नुकसान हुआ। राजधानी में तेज आंधी और बारिश के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इसे सहज माना जाए या फिर जलवायु परिवर्तन की चेतावनी समझा जाए। हाल ही में बंगलुरु में लगातार बारिश से जन-जीवन थम-सा गया। घरों में पानी घुस गया। सड़कों पर नावें भी चलीं। महाराष्ट्र में भी कमोबेश यही स्थिति पैदा हुई। दूसरी ओर मानसून ने केरल में इस बार समय से पहले दस्तक दे दी है। हैरत की बात यह है कि कोई पंद्रह साल बाद यह सबसे जल्दी आया है। यह आमतौर पर एक जून को आता है, लेकिन इस वर्ष यह न केवल पहले आया, बल्कि देखते ही देखते कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों पर भी छा गया।

भारत में मौसम के बदलते मिजाज की यह नई तस्वीर है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का मानना था कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं से मौसम बदला। मगर इसके बाद मौसम इस कदर पलटेगा और भयावह तूफान आएगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। विचित्र बात है कि एक ओर दक्षिण-पश्चिम भारत में बारिश हो रही है, तो उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत के कई राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। कहीं तेज हवाएं चलने के कारण लोगों को सतर्क किया जा रहा है, तो कहीं आंधी चलने की चेतावनी जारी की जा रही है। मौसम के बदलते तेवर के जोखिम से जनहानि का अंदेशा भी बना रहता है। वहीं रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ता है। पिछले दिनों कई उड़ानों के मार्ग बदलने पड़े।

# हफ्तेभर में कोरोना के 3 गुना मामले; क्या नया वैरिएंट वैक्सीन को भी चकमा दे रहा है? लॉकडाउन की आशंका फिर से मंडराने लगी!

देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, बीते एक हफ्ते में कोविड-19 के मामलों में तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई है। यह तेजी किसी आम उछाल की तरह नहीं देखी जा रही, बल्कि इसके पीछे एक नया वैरिएंट 'KP.3' को जिम्मेदार माना जा रहा है, जो पहले से अधिक संक्रामक और प्रतिरोधक क्षमता को चकमा देने वाला बताया जा रहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत में 26 मई तक 1047 एक्टिव कोरोना केस हैं। जबकि पिछले हफ्ते यानी 19 मई तक सिर्फ 257 एक्टिव केस थे। एक हफ्ते में 750 से ज्यादा केस जुड़े। केरल में सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस मिले। इसके बाद दिल्ली में 104 एक्टिव केस हैं।

फिलहाल देश में कोरोना के 4 नए वैरिएंट मौजूद हैं, जो ओमिक्रॉन के सब-वैरिएंट हैं। 2021 में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन यानी WHO ने कोरोना के नए वैरिएंट B.1.1.529 को ओमिक्रॉन नाम दिया था।

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च यानी ICMR के डायरेक्टर डॉ. राजीव बहल ने बताया कि दक्षिण और पश्चिम भारत से जिन वैरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है, वे LF.7, XFG , JN.1 और NB.1.8.1 सीरीज के हैं।

JN.1 भारत में सबसे आम वैरिएंट है, जो जीनोम सिक्वेंसिंग में करीब 53% सैम्पल्स में मिला है। इसकी शुरुआत अगस्त 2023 में लक्जमबर्ग में हुई थी। भारत में इसका पहला मामला केरल में दिसंबर 2023 में सामने आया। तब यह ज्यादा फैल नहीं पाया था। लेकिन अब यह तेजी से बढ़ रहा है।

अमेरिका के जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के मुताबिक, JN.1 अन्य वैरिएंट की तुलना में ज्यादा आसानी से फैलता है, लेकिन यह बहुत गंभीर नहीं है। दुनिया के कई हिस्सों में यह सबसे आम वैरिएंट है। इसके लक्षण कुछ दिनों से लेकर हफ्तों तक रह सकते हैं। JN.1 को सबसे ज्यादा संक्रामक माना जा रहा है क्योंकि यह उन लोगों को भी संक्रमित कर सकता है जो पहले कोविड से ठीक हो चुके हैं। हालांकि, यह कोविड-19 की शुरुआती लहरों जितना घातक नहीं है।

इसका म्यूटेशन वायरस को ह्मन सेल्स में आसानी से एंट्री और इम्यून सिस्टम को नुकसान पहुंचाने में मदद करता है। JN.1 में करीब 30 म्यूटेशन्स हैं, जो इम्यूनिटी कमजोर करते हैं।

WHO ने इसे 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' की कैटेगरी में रखा है, यानी यह निगरानी के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि यह अभी तक 'वैरिएंट ऑफ कन्सर्न' यानी डेल्टा या ओमिक्रॉन जितना खतरनाक नहीं माना गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभी देश भर में कोरोना के 1047 एक्टिव केस हैं। दिल्ली के अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में सीनियर कंसल्टेंट डॉ. संचयन रॉय के मुताबिक, नए कोरोना वैरिएंट्स भी पुराने कोविड-19 की तरह फैलते हैं...

ड्रॉपलेट्स: जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता, छींकता या बात करता है, तो हवा में कुछ बूंदें फैलती हैं।

डायरेक्ट कॉन्टैक्ट: संक्रमित व्यक्ति के साथ डायरेक्ट कॉन्टैक्ट यानी सीधे या शारीरिक संपर्क से फैल सकता है। खासकर अगर कोई उनके चेहरे, आंख या मुंह को छूता है।

चीजों की सतह: ये वायरस चीजों की सतहों पर बना रह सकता है। दरवाजे के हैंडल या मोबाइल जैसी दूषित चीजों को छूने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

हवा में मौजूदगी: वायरस के छोटे-छोटे पार्टिकल्स हवा में रह सकते हैं, खासकर भीड़भाड़ वाले या खराब हवा वाली जगहों में।

नए वैरिएंट्स की फैलने की दर को रिप्रोडक्शन नम्बर यानी RO और ग्रोथ रेट से मापा जाता है। आसान भाषा में कहें तो एक संक्रमित व्यक्ति औसतन कितने लोगों को संक्रमित कर सकता है।

WHO के मुताबिक, JN.1 और LF.7 का RO 4 से 6 के बीच है, जबकि कोविड-19 का RO 2 से 4 के बीच था। कोविड-19 के मुकाबले JN.1 50-70% ज्यादा संक्रामक है, क्योंकि यह हवा में ज्यादा आसानी से फैलता है और इम्यूनिटी को कमजोर कर देता है। NB.1.8.1 और XFG का RO 5-7 के बीच है। डॉ. संचयन रॉय कहते हैं, 'जिन लोगों को पहले वैक्सीन लग चुकी हैं, उन्हें भी कोरोना का नया वैरिएंट संक्रमित कर सकता है। यह फैलने वाला इन्फेक्शन है, इसलिए किसी पेशेंट के संपर्क में आने से ये किसी को भी हो सकता है। यानी पुरानी वैक्सीन डोज नए वैरिएंट के असर को नहीं रोक सकती, लेकिन यह नए वैरिएंट के खतरे को कम जरूर कर देती है। पुराने वैक्सीनेशन की इम्यूनिटी अभी भी पूरी तरह से कमजोर नहीं हुई है। यह आपके शरीर को नए वैरिएंट से लड़ने में मदद जरूर कर सकती है।'

गुरूग्राम के मारेंगो एशिया हॉस्पिटल की डॉ. दीक्षा गोयल और दिल्ली के मैक्स हेल्थकेयर हॉस्पिटल के डॉ. संदीप बुद्धिराजा के मुताबिक, कोरोना के नए वैरिएंट 4 तरह के लोगों पर असर कर रहा है...

1. 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग: उम्र के बढ़ने के साथ इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, जिससे JN.1, XFG और NB.1.8.1 जैसे वैरिएंट्स आसानी से संक्रमण फैला देते हैं। जिन बुजुर्गों ने बूस्टर डोज नहीं लिया, उनकी इम्यूनिटी कम हो रही है। वहीं शुगर, दिल की बीमारी और हाई ब्लडप्रेशर वाले बुगुर्जों में भी कोरोना का खतरा ज्यादा है।

2. एक साल से कम उम्र वाले बच्चे: कुछ देशों में 1 साल से कम उम्र वाले बच्चे भी कोरोना की पकड़ में आसानी से आ रहे हैं, हालांकि भारत में ऐसे मामले कम हैं। हाल ही में AIIMS ऋषिकेश में 3 नए मामले सामने आए, जिसमें एक बच्चा भी शामिल था। इस बच्चे को निगरानी में रखा गया है।

3. कमजोर इम्यूनिटी वाले हर उम्र के लोग: जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर है या जिन्हें कैंसर, HIV या कोई बड़ी बीमारी है, उन पर कोरोना के वैरिएंट ज्यादा असर डाल रहे हैं। इन लोगों में वैक्सीन से बनी एंटीबॉडीज कमजोर हो सकती है, क्योंकि इनकी इम्यूनिटी इसे झेलने में असमर्थ हो जाती है।

4. ज्यादा सफर करने वाले लोग: देश-विदेश में ज्यादा सफर करने वाले लोगों में कोरोना फैलने का खतरा ज्यादा है, क्योंकि कोरोना के सभी वैरिएंट्स विदेशों से भारत में आएं हैं। फ्लाइट्स और ट्रेनों में वायरस आसानी से फैल जाता है। हाल ही में नोएडा में 55 साल की एक महिला ट्रेन से सफर करके लौटी, जिसे XFG संक्रमण हो गया। इसके अलावा जिन लोगों को पहले से स्वास्थ संबंधी समस्याएं हैं और जिन्होंने पूरा वैक्सीनेशन नहीं कराया, उन्हें कोरोना होने का खतरा बना हुआ है। दरअसल, वैक्सीन की इम्यूनिटी समय के साथ कम होती है और बूस्टर डोज न लेने से जोखिम बढ़ जाता है।

डॉ. संचयन रॉय के मुताबिक, नए कोरोना वैरिएंट्स से बचने के लिए सभी पुराने तरीकों का इस्तेमाल करना होगा, जो कोविड-19 के दौरान किए थे।

कोरोना के नए वैरिएंट से बचने के लिए वैक्सीनेशन मौजूद है, लेकिन इसके लिए एहतियात बरतने जरूरी हैं, क्योंकि वैक्सीनेशन नए वैरिएंट का असर होने से रोक नहीं सकती।'

कोरोना के नए वैरिएंट्स से लड़ने के लिए 3 प्रमुख वैक्सीन हैं...

फाइजर-बायोएनटेक: इसे 2023-24 में अपडेट किया गया। यह खासतौर पर ओमिक्रॉन XBB.1.5 और इसके सब-वैरिएंट्स यानी JN.1, LF.7, XFG) के लिए बनाई गई है। अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल यानी CDC के मुताबिक, यह संक्रमण को रोकने में 50-60% कारगर है।

मॉडर्ना: इसे 2024 में अपडेट किया गया और यह NB.1.8.1, LF.7, XFG वैरिएंट्स के लिए इस्तेमाल की जाती है। यह कोरोना के लक्षणों को हल्का और कम करने में मदद करती है।

नोवावैक्स और कोवोवैक्स: यह एक ही वैक्सीन के दो अलग-अलग ब्रांड के नाम हैं, जिन्हें NVX-CoV2373 कहा जाता है। यह प्रोटीन सब-यूनिट वैक्सीन है, जिसे SARS-CoV-2 वायरस के स्पाइक प्रोटीन के हिस्से से बनाया गया। यह प्रोटीन वायरस की तरह दिखती है, लेकिन बीमारी नहीं फैलाती। यह JN.1 समेत सभी वैरिएंट्स के खिलाफ 80-90% तक कारगर है।

डॉ. संचयन रॉय कहते हैं, 'लॉकडाउन जैसी स्थिति अभी नहीं बन सकती। कोविड-19 के दौरान वायरस नया था और ह्मन बॉडी में उससे लड़ने की केपेबिलिटी नहीं थी। लॉकडाउन एक स्ट्रैटजिक इवेंट था, जिससे लोगों को संक्रमण से बचाने और मरीजों से दूर रखाने के लिए हुआ था। अभी इतने गंभीर हालात नहीं हैं कि लॉकडाउन लगाया जाए। अभी स्थिति कंट्रोल में है और नया वैरिएंट पुराने कोविड-19 की तरह खतरनाक नहीं है। यह तेजी फैल जरूर रहा है, लेकिन उतना ज्यादा असर नहीं डाल सकता।'

अगर आने वाले समय में नए और ज्यादा खतरनाक वैरिएंट्स आए तो जरूरत पड़ने पर लॉकडाउन लगाया जा सकता है, लेकिन फिलहाल ऐसा कुछ नहीं होने वाला है। हालांकि, भारत सरकार ने नए वैरिएंट्स के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। देशभर के अस्पतालों में एक्स्ट्रा बिस्तरों की व्यवस्था की जा रही है और ऑक्सीजन की पूर्ति भी की जा रही है।

कोरोना गया नहीं, बस कमजोर पड़ा था। वैरिएंट के नए खेल में विज्ञान को एक बार फिर सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया से जवाब देना होगा। सरकार और नागरिकों की सामूहिक जागरूकता ही भारत को एक और लहर से बचा सकती है।

## सारा संसार



कोलुक्कुमालाई तमिलनाडु के थेनी जिले में स्थित एक छोटा सा गाँव है। कोलुक्कुमलाई दुनिया में सबसे ऊंचे चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध एक छोटा सा गांव है, जो चाय को एक विशिष्ट स्वाद देता है। प्रसिद्ध चाय कारखानों में से एक जहां वे पारंपरिक तरीके से चाय को संसाधित करते हैं।

## पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

## जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है।

## जयंती विशेष

प्रभात मिश्र

## सावरकर-पुण्य स्मरण

*'यस्मीन जीवति जीवन्ति बहव:स तु जीवतु' अर्थात जिनके जीने से अनेकों को जीवन मिलता है,वे सदा जीते रहें -पंचतंत्रम*

सावरकर के दिव्य योगदानों को कुछ शब्दों ,वाक्यों एवं आलेखों में बांध पाना संभव होगा, ऐसा मैं नहीं मानता। वीर सावरकर नाट्यकार, उपन्यासकार, व्यंग्यकार, भाषा सुधारक, लिपि सुधारक, दार्शनिक, चिंतक, युगदृष्टा, समाज सुधारक, क्रांति वीर, हिन्दी भाषा मंदिर के अनन्य पुजारी... और न जाने कितने उपमान सावरकर अपने आप मे समटे हुए दिखते हैं। सावरकर का कृतित्व तब और अधिक स्मरणीय हो जाता है, जब वर्तमान में हमारे राष्ट्र को कमजोर करने के लिए पडोसी दृश्य अदृश्य शत्रु देश दुरभिसंधि करते हैं और उन्हे भारत के भीतर से कुछ षड़यंत्रकारी शक्तियों के द्वारा कुचक्र रच समर्थन दिए जाते हैं तब सावरकर के दिए सिद्धांत उन कुचक्रों को भंग करते तोडते दिखते हैं। समाज जीवन में उनके आग्रह को भूतो न भविष्यति के रूप में उनके इस कथन से समझा जा सकती है-If they come with us, with them, if they do not, withoout them and if they oppose in spite of them we will go on and achieve our gole. तात्पर्य यदि तुम हमारे साथ आते हो तो तुम्हारे साथ, साथ नहीं आते हो तुम्हारे बिना और यदि तुम विरोध करते हो तुम्हारे विरोध के रहते भी हम अपना स्वातंत्र्य युद्ध चलाएंगे और उसमें सफल होंगे। वीर सावरकर ने सप्रमाण चेतावनी देते हुए एवं ऐतिहासिक दृष्टि से सचेत करते हुए कहा था कि धर्मांतरण ही राष्ट्रांतरण है जिसके व्यापक दुष्परिणाम आज भी देखने में आ रहे हैं। परंतु क्या हम उन प्रश्नों पर विचार कर समाधान दे पा रहे हैं? यह वीर सावरकर की इस जयंती पर यक्ष प्रश्न है ।



सावरकर की पुस्तक हिन्दुत्व के पंच प्राण और छः स्वर्णिम पृष्ठ,1857 की क्रांति प्रथम स्वातंत्र्य समर , का अध्ययन प्रत्येक उन पाठकों को करना चाहिए जो राष्ट्र को सबल बनाने का स्वप्न देख रहे हैं। वहीं उनकी दो कृतियां मोपला और गोमांतक उपन्यास पढ़ने के पश्चात बहुत कुछ समझा जा सकता है। ऐसा माना जाता है कि किसी भी समाज को, जाति-धर्म या राष्ट्र को निस्तेज करना तो उसके गौरवशाली इतिहास को नष्ट कर दिया जाए। सावरकर की लेखनी इसका प्रत्युत्तर है कि उन्होंने अपने हर प्रयास में इतिहासबोध लेखन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी ताकि भारतीय जन मानस मे स्वबोध का जागरण उदित हो सके , हिन्दी भाषा के अनेक शब्दों का आविष्कार सावरकर की देन है जिसका हिन्दी भाषी समाज सदैव ऋणि था है और रहेगा यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है कि उनके योगदानों को विस्मृत कर उन्हें लांक्षित करने का प्रयास किया जाता रहा है। जिसे माकूल जवाब भी दिया जाना अनिवार्य प्रतीत होता है। सावरकर के विचार, साहित्य ऐसे समय मे हमारे लिए अत्यंत प्रासंगिक हो जाते हैं जब हमें सीमापार से अस्थिर करने के प्रयास किए जाते हों इस अस्थिरता का एक प्रतिउत्तर है सावरकर संकल्प चरैवेति चरैवेति ।।

*-लेखक प्रांतीय संयोजक अखिल भारतीय साहित्य परिषद छत्तीसगढ़*

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक पंडित नेहरू

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नही बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते 'चाचा नेहरु' को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरु न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे बल्कि आजादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरु का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। *-सुमीत यदु, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### एवरेस्ट फतह के उपलक्ष्य में 100 पर्वतारोही सम्मानित

हिमालय की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट पर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे द्वारा पहली सफल चढ़ाई की याद में मंगलवार को नेपाल में सम्मानित किए गए 100 से अधिक पर्वतारोहियों में 10 भारतीय पर्वतारोही भी शामिल हैं। पर्यटन, संस्कृति और नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री पांडे ने 29 मई को अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस से पहले एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले नेपाली और अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहियों को सम्मानित किया। पांडे ने कहा, 'नेपाल सरकार न केवल पर्वतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि हम पर्वतारोहियों की सुरक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हिमालय के संरक्षण को लेकर भी चिंतित हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए पहाड़ों की देखभाल और सुरक्षा करनी चाहिए।' नेपाल, भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, फिलीपीन, फलस्तीनी क्षेत्र और ब्रिटेन सहित अन्य देशों के 100 से अधिक पर्वतारोहियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 'एवरेस्ट एलायंस नेपाल' द्वारा आयोजित 'एवरेस्ट पर्वतारोही सम्मेलन' में भारत के 10 पर्वतारोहियों को सम्मानित किया गया जिनमें आशीष सिंह, निशा कुमारी, अनुजा वैद्य, बलजीत कौर, सुविधा कदलाग, सूर्य प्रकाश, शेख हिमांशु, सत्यरूप सिद्धांत, ज्योति रात्रे और अदिति शामिल हैं।



## ऑफ बीट

### गणित के पठन-पाठन में काफी अंतर आया है

पाइथागोरस का प्रमेय आज भी उतना ही सटीक है जितना सदियों पहले इसकी खोज के समय था, और यह आगे भी उतना ही सटीक रहेगा।



लेकिन आज के शिक्षक भी गणित को उस समय की तुलना में बहुत अलग तरीके से पढ़ाते हैं जब माता-पिता स्कूल में थे। मानसिक संबंध प्रक्रियाएं नहीं। पिछले 30 वर्षों में गणित के पठन-पाठन में परिवर्तन आया है। कंप्यूटर प्रौद्योगिकी के विकास के साथ तालमेल बिठाने के लिए गणित शिक्षण भी बदल गया है। यह बचपन से लेकर 12वीं कक्षा तक गणित की शिक्षा को प्रभावित कर रहा है। किसी भी चीज के अलावा, हम जानते है कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी में दक्षता छात्रों को उस दुनिया के लिए शिक्षित करने की कुंजी है जिसमें वे रहेंगे और काम करेंगे। एक उदाहरण के रूप में, गतिशील ज्यामिति सॉफ्टवेयर के उपयोग का मतलब है कि शिक्षक ग्राफ़ के परिवर्तनों को तुरंत दिखा सकते हैं, जिससे छात्रों को चर कैसे काम करते हैं इसकी गहरी समझ मिलती है, जिससे छात्रों को इन अवधारणाओं को ग्राफ़ की एक विस्तृत श्रृंखला पर लागू करने में मदद मिलती है।

## ट्रेंड

### नक्सलियों के अड्डे ध्वस्त



ऑपरेशन ब्लैकफॉरेस्ट में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ की दुर्गम पहाड़ियों पर बने नक्सलियों के अनेक अड्डों को ध्वस्त किया। छत्रपति शिवाजी महाराज जी की भूमि पर फिर से दोहराता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### निवेश योजनाओं पर चर्चा



कुप्पम में श्रीजा दूध उत्पादक संगठन और मदर डेयरी के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। हमने शून्य गरीबी को प्राप्त करने के लिए उनकी परिवर्तनकारी निवेश योजनाओं पर चर्चा की, जो स्वर्ण आंध्र के लिए हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

### मंदिरों पर सरकारी कब्जा



बड़े मंदिरों पर सरकार के प्रबंधन के बहाने भाजपा अप्रत्यक्ष रूप से अपना कब्जा करती जा रहे है। जो परंपरागत रूप से इनका प्रबंधन-संचालन करते आ रहे हैं, उनसे सेवा-भाव के अधिकार छीने जा रहे हैं।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### नॉट फाउंड सूटेबल



'नॉट फाउंड सूटेबल' अब नया मनुवाद है। एससी /एसटी/ओबीसी के योग्य उम्मीदवारों को जानबूझकर 'अयोग्य' ठहराया जा रहा है ताकि वे शिक्षा और नेतृत्व से दूर रहें। यह हक, सम्मान और हिस्सेदारी की लड़ाई है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

रॉयल पत्रिका

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में नारी शक्ति को मिली सौगातें




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर को समाज सुधारक के रूप में याद किया जाता है, उन्होंने संस्कृति एवं विरासत को पुनर्स्थापित करने का कार्य किया। उन्होंने जीवन में महिला उत्थान को ही अपना लक्ष्य माना। नड्डा ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण के साथ महिला-नेतृत्व विकास की ओर बढ़ रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। नड्डा शनिवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों से प्रेरणा लेकर उनकी 300वीं जयंती पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने महिला शिक्षा एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों को महिला शक्ति को समर्पित किया है। उन्होंने राज्य सरकार की लाडो प्रोत्साहन योजना को लिंगानुपात सुधार एवं गर्भ की पाठशाला योजना को महिला स्वास्थ्य की दिशा में अच्छी पहल बताया।

**वर्ष 2014 के बाद बदली देश की तस्वीर**

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश की तस्वीर बदली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व ने राजनीति की संस्कृति को बदलने का काम किया है। अब दोषारोपण के बजाए समाज के हर वर्ग का सशक्तीकरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने जबावदेहिता और उत्तरदायित्व को राजनीति की परिभाषा बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार दिन-रात जनसेवा में जुटी हुई है।

**हॉलिस्टिक एप्रोच के साथ नई स्वास्थ्य नीति लागू**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में हॉलिस्टिक एप्रोच के साथ नई स्वास्थ्य नीति लागू की गई है। इसमें निवारण से लेकर पुनर्वास को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि 30 वर्ष की उम्र से ही कैंसर, डायबिटीज जैसे गंभीर बीमारियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। देश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ उपलब्ध करवाते हुए 1 लाख 77 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के अन्तर्गत 64 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इसके तहत राजस्थान में 3 हजार करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। देश में 23 एम्स संस्थान संचालित किए जा रहे है। राजस्थान में 23 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत देश के 63 करोड़ लोगों को 5 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है।

**देवी अहिल्याबाई ने सामाजिक सुधारों को दिया बढ़ावा: मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 18वीं सदी में देवी अहिल्याबाई जी अपने साहस एवं बुद्धिमत्ता से नारी शक्ति की प्रतीक बनीं। उन्होंने महिला शिक्षा, धर्म, और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दिया। काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, सोमनाथ मंदिर और देशभर में अनेक तीर्थस्थलों का जीर्णोद्धार उनके धार्मिक और सांस्कृतिक योगदान का प्रतीक है।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सनातन संस्कृति का अभूतपूर्व उत्थान-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब, महिला, युवा, किसान सहित समाज के हर वर्ग का कल्याण कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज हम सब सनातन संस्कृति के अभूतपूर्व उत्थान के साक्षी बन रहे हैं। उनकी संकल्प शक्ति से अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल महालोक, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ मंदिर जैसे हमारे प्रमुख आस्थाधामों को दिव्य एवं भव्य स्वरूप मिला है।

**प्रदेश के 5 हजार गांव होंगे गरीबी मुक्त-**

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री जी के मुताबिक इस देश में सिर्फ चार जातियां हैं- गरीब, युवा, अन्नदाता और महिला। उनकी प्रेरणा से हमारी सरकार भी इन चारों वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। गरीबी मुक्त राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना शुरू की है, जिसके तहत प्रथम चरण में 5 हजार गांवों के बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में भी 96 हजार से अधिक शहरी व ग्रामीण आवास बनाए गए हैं तथा 5 लाख 48 हजार से ज्यादा नए आवास स्वीकृत किए गए हैं। आवासविहीन बीपीएल, घुमन्तू एवं अर्द्धघुमंतू परिवारों/व्यक्तियों को 26 हजार पट्टे वितरित किए गए हैं। स्वामित्व योजना के तहत प्रदेश में 8 लाख स्वामित्व कार्ड जारी किए जा चुके हैं।

**नारी शक्ति को मिली विभिन्न सौगातें-**

कार्यक्रम में लखपति दीदी योजना के तहत 1,800 लाभार्थियों को ऋण वितरित तथा लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत 32 हजार 755 बालिकाओं को 11 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई। बालिकाओं को एसटी प्री-मैट्रिक योजना के तहत करीब 17 हजार बालिकाओं को 5 करोड़ से अधिक की राशि का हस्तांतरण एवं बालिका दुरस्थ शिक्षा योजना के तहत 20 हजार छात्राओं को 10 करोड़ की फीस का पुनर्भरण किया गया। इसके साथ ही गार्गी पुरस्कार और बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत 6 हजार 489 बालिकाओं को लगभग 3 करोड़ 40 लाख रुपये की राशि हस्तांतरित की गई।

# 'ऑपरेशन शील्ड' के तहत मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट का हुआ सफल आयोजन

## - ब्लैक आउट के दौरान गाइडलाइन की हुई पालना, वाहनों की भी लाइट की बंद



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत खातीपुरा रोड स्थित जयपुर मिलिट्री स्टेशन के रिहायशी इलाके में मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट का सफल आयोजन हुआ। जयपुर में शनिवार रात 8:15 बजे सायरन बजते ही जदुनाथ विहार, भारतेंदु नगर, जसवंत नगर, खातीपुरा का चुनिंदा परिधि क्षेत्र में आमजन ने स्वेच्छा से सभी लाइट बंद की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुंवर राष्ट्रदीप की अगुवाई में यातायात पुलिस एवं पुलिस के जवानों ने आमजन को गाइडलाइन की पालना के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान वाहन चालकों ने सभी स्वेच्छा से वाहन को सड़क किनारे लगाकर वाहन की लाइट बंद की। इस प्रकार जयपुर में ऑपरेशन शील्ड के लिए चिन्हित क्षेत्र में ब्लैक आउट का सफल आयोजन देखने को मिला। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने ब्लैक आउट के दौरान जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए आमजन का आभार जताया है।

इससे पहले जयपुर कलक्ट्रेट के नियंत्रण कक्ष में शाम पांच बजे एयर स्ट्राइक की सूचना मिलते ही सायरन बज उठे। सायरन की आवाज से प्रशासन, पुलिस सहित एजेंसियों और संबंधित विभागों के अधिकारी हरकत में आए। चंद ही मिनटों में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी मौके पर पहुंच गए एवं संपूर्ण अभ्यास की मॉनिटरिंग स्वयं की। संभागीय आयुक्त श्रीमती पूनम एवं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पूरे ग्राउंड को खाली करवाया। फायर ब्रिगेड के जवानों ने मोर्चा संभालते हुए बिल्डिंग में लगी आग पर काबू पाया। नागरिक सुरक्षा के जवानों ने बिल्डिंग में फंसे लोगों को अपने हुनर और प्रतिभा के दम पर सकुशल रेस्क्यू किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए घायलों को एंबुलेंस के जरिये स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, ईआरटी, एसडीआरएफ एवं एटीएस के जवानों ने पूरे परिसर की तलाशी लेकर संदिग्ध वस्तुओं की जांच की।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में जिला प्रशासन, पुलिस, नागरिक सुरक्षा, नगर निगम, एसडीआरएफ, ईआरटी, एसटीएस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य एजेंसियों एवं विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बेहतरीन आपसी सहयोग एवं समन्वय का प्रदर्शन करते हुए त्वरित रेस्पॉन्स एवं रेस्क्यू करते हुए ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट के सफल आयोजन में अपनी भूमिका निभाई।

# बेटियों ने लहराया परचम, सरकारी स्कूल की छात्राओं ने भी बढ़ाया मान



मनोहरपुर, (रॉयल पत्रिका)। कस्बे के तोपचिखाना विद्यालय में कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में बेटियों ने विद्यालय का मान बढ़ाया है। वही मनोहरपुर की अक्षरा खान पुत्री इब्राहिम खान ने 95 प्रतिशत और जोया खान पुत्री हाजी शहीद खान ने 81.17 प्रतिशत और खोरा लाड़खानी निवासी फैजान खान मंसूरी ने दसवीं में 87.50% अंक लाकर नाम रोशन किया।

विद्यालय के एफएमसी अध्यक्ष सईद ने बताया कि परीक्षा परिणाम में विद्यालय तोपचीखाना की छात्रा कक्षा 12वीं में सानिया पुत्री मोहम्मद साबिर ने 82.40% सारा बानो पुत्री अब्दुल हमीद ने 80.80% और तंजीम बानो पुत्री सलीम खान ने 80% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किय है। वही कक्षा 10वीं में भोरनिया मसिरा मुस्तकीम पुत्री मुस्तकीम भोरनिया ने 84.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया है। अन्य छात्रों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, जिनमें लुकमान खान पुत्र मोहम्मद सरवर ने 79.17 प्रतिशत और सलमा बानो पुत्री हाफिज अहमद रज़ा ने 78.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

इसके साथ ही छात्राओं ने ग्रामीण क्षेत्र के तोपचीखाना विद्यालय से ही पूरी शिक्षा प्राप्त की है। इन सभी छात्राओं ने कड़ी मेहनत के दम पर दिखा दिया कि प्रथम आने के लिए शहर के बड़े और नामी स्कूलों में पढ़ना जरूरी नहीं है।

**छात्राओं की सराहना:-**

विद्यालय के MMVS के सईद अहमद चौहान ने छात्राओं की सराहना की है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन हुआ है।

# श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्था का 27 वां सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न



सांगानेर/जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सांगानेर प्रताप नगर की गरीबों का मसीहा के नाम से प्रसिद्ध श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्था के द्वारा 27 वां सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन काठिया बाबा आश्रम हरणी रोड भीलवाड़ा में आयोजित किया गया। संस्था की उपाध्यक्ष मधु पांडे ने दी जानकारी के अनुसार 28 जोड़ों का विवाह बहुत ही सादगी के साथ संपन्न हुआ। धूमधाम से शहर में कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद दोपहर 2:00 बजे पणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गरीबों का मसीहा हनुमान सहाय कटारिया असिस्टेंट सद्दाम बिग बॉस,प्रदेश महामंत्री मन्नू मीणा, प्रदेश कोषाध्यक्ष सौरभ पवार, प्रदेश उपाध्यक्ष मधु तंवर, महिला प्रदेश अध्यक्ष किरण प्रजापत, बांरा जिला सचिव लक्ष्मी यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी सादिक हिन्दस्तानी, जिला अध्यक्ष प्रियांशु पांडे, अरविंद शर्मा तथा विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी और भीलवाड़ा के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे है।

# भगवान महावीर कैंसर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में "विश्व तंबाकू निषेध दिवस" कार्यक्रम आयोजित

## -तंबाकू मुक्त राजस्थान के लिए अभियान चले- राज्यपाल



जयपुर,(रॉयल पत्रिक)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने तंबाकू मुक्त राजस्थान के लिए अभियान चलाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि तंबाकू उत्पादों को छोड़ने के लिए संयम और मन की जरूरत है। उन्होंने तम्बाकू सेवन करने वालों को टोकेने रोकने और इसके दुष्परिणाम बताने के लिए माहौल बनाने पर जोर दिया है।

बागडे शनिवार को भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में "विश्व तंबाकू निषेध दिवस" पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा तंबाकू सेवन वालों को इसके नहीं लेने से रोकेंगे तभी सार्थक परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि तंबाकू लेने वाले नहीं माने तो प्रेम से समझाएं, इसके दुष्परिणाम बताएं। इसी से तंबाकू मुक्त राजस्थान की ओर हम आगे बढ़ सकेंगे।

राज्यपाल ने शादी, उत्सव पर स्प्रे कर फाहे उड़ाने की परंपरा को भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया। उन्होंने कहा कि स्प्रे से रूई के फाहों जैसी वस्तुओं के साथ प्लास्टिक सूक्ष्म कण मुंह, नाक से शरीर में जाते हैं। यह हानिकारक है। उन्होंने कहा कि तंबाकू पाउच पर चित्र बनाकर लिखा होता है कि इसे लेने से कैंसर होता है फिर भी लोग सेवन करते हैं। यह बुद्धिमानों की बुद्धि से दुश्मनी है।

इससे पहले राज्यपाल ने "तंबाकू छोड़ो ,कैंसर से मुक्ति पाओ" लघु फिल्म का लोकार्पण किया।

### व्यवसायी से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। ट्रांसपोर्ट व्यवसायी का सामान बुक कर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने से जुड़े प्रकरण में राजस्थान हाईकोर्ट में जस्टिस उमाशंकर व्यास की बेंच ने आरोपी सेड़वा-बाड़मेर हाल एकता नगर, गांधी पथ पश्चिम-करणी विहार निवासी ट्रांसपोर्टर जगदीश बिश्नोई को जमानत का लाभ देने से इनकार करते हुए उसकी याचिका को खारिज करने के आदेश दिए हैं। एडवोकेट अविनाश आर्य एवं कृष्ण स्वामी ने परिवादी की ओर से जमानत का कड़ा विरोध करते हुए हाईकोर्ट को बताया कि उपरोक्त अपराधों की रिपोर्ट उत्तम नगर-दिल्ली निवासी व्यवसायी धीरज कुमार पोद्दार ने करणी विहार थाने में 12 जलाई, 2023 को दर्ज करवाई थी। प्रकरण के अनुसार प्रार्थी ने परिवहन के लिए करीब 25 लाख रुपए का 36 हजार लीटर एमएचओ ऑयल बुक किया था। आरोपी जगदीश ने अपने भाई ओमप्रकाश बिश्नोई से मिल कर उपरोक्त माल को गंतव्य स्थल पर नहीं पहुंचाकर अन्य आरोपी श्रवण बिश्नोई को बेंच दिया गया था। अधिवक्ता अविनाश आर्य और कृष्ण स्वामी ने हाईकोर्ट को बताया कि अभियुक्तगण ने साक्ष्य-सबूत नष्ट करने के लिए बिल्टी को फाड़कर हटा दिया गया था। मामले में आरोपी ओमप्रकाश एवं श्रवण बिश्नोई फरार हैं। माल की बरामदगी नहीं हुई हैं एवं जांच भी लंबित हैं। ऐसे में जमानत खारिज की जाए।

# शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी का टोंक दौरा

## -मंडियों में कृषकों को फसलों का पेमेंट ई-नाम से किया जाए - राजन विशाल



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल के द्वारा एग्रोट्रेड टावर कृषि उपज मंडी समिति निवाई, इन्क्यूबेशन सेंटर सोहेल, मिनि फूडपार्क सोनवा एवं COE देवड़ावास, टोंक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निवाई मंडी के समस्त हम्मालों व पल्लेदारों को मिशन जीवन सुरक्षा के तहत बीमा करवाने हेतु कृषि विपणन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया एवं एग्रोट्रेडटावर में प्रत्येक दुकान के साथ पार्किंग चिन्हित करने के लिए अधिशासी अभियंता कृषि विपणन बोर्ड को निर्देशित किया।

शासन सचिव व्यापारियों से भी रूबरू हुए और उनको किसानो को फसलो का दाम ई—नाम के जरिये ऑनलाइन भुगतान करने एवं एग्रो ट्रेड पार्क में दुकान लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

सोहेल सबयार्ड मे निलामी चबूतरे के सीसी फर्श के कार्य व पिलर्स के फिनिशिंग के कार्य की गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य को अविलंब निर्धारित मापदंडों के अनुसार ठीक करने व साईट इंजिनियर को चार्ज शीट जारी करने के लिए मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया।

फूडपार्क सोनवा में निर्माण कार्य RSWC के द्वारा करवाये गए हैं उनमें कई खामियां पाई गई जैसे सीसी ब्लाक कि सड़क में सेटलमेंट, फर्श के कार्य में टाईल्स के जोड़ो के मिलान सही नहीं पाये जाने पर व प्लास्टर व पेंट के कार्य में फिनिशिंग का अभाव होना, जबकि सभी कार्यों को हस्तांतरित किये एक वर्ष हो चुका है। राजस्थान वेयर हाउस कार्पोरेशन के सहायक अभियंता द्वारा संतोषप्रद कारण नहीं बताने पर सहायता अभियंता को चार्ज शीट जारी करने के निर्देश दिये।

COE उत्कृष्टता केंद्र के निरीक्षण के दौरान राजहंस नर्सरी के क्षतिग्रस्त नेट को सही कराने तथा वाटर हार्वेस्टिंग सेंटर की मिट्टी व कचरे को साफ़ कराने, टूटी ही पाइप लाइन एवं ख़राब पड़े ऑटोमेटेड वेथर मशीन, सोलर लाइट को दुरुस्त करने के निर्देश प्रदान किए।

# राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शनिवार को राजभवन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी.नड्डा ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल बागडे से यह शिष्टाचार भेंट थी।

# विवेक अटल की उड़ान में विधायक मनीष यादव बने पंख – "अब विवेक की पढ़ाई मेरी जिम्मेदारी"

## -विवेक अटल ने पैरों से लिखी सफलता की इबारत



मनोहरपुर,(रॉयल पत्रिका)। जहाँ अधिकांश लोग सुविधाओं की कमी में अपने सपनों से समझौता कर लेते हैं, वहीं गोविन्दपुरा बासड़ी के एक बालक ने अपने साहस, संकल्प और आत्मबल से जीवन की सबसे कठिन परीक्षा को न केवल पास किया, बल्कि समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया। विवेक अटल – एक ऐसा नाम, जो अब केवल एक छात्र नहीं, बल्कि संघर्ष और सफलता की मिसाल बन चुका है। दोनों हाथों के अभाव के बावजूद विवेक ने अपने पैरों से लेखन करके राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा में 74.33% अंक हासिल किए। यह किसी सामान्य उपलब्धि से कहीं बढ़कर है। विवेक की इस सफलता की खबर जैसे ही फैली, शाहपुरा विधायक मनीष यादव को लगी तो वे स्वयं गोविन्दपुरा बासड़ी पहुँचे। उन्होंने विवेक से भेंट कर उनकी उपलब्धियों को सराहा और घोषणा की।

मनीष यादव ने कहा कि विवेक अटल की आँखों में जो चमक है वो उसके उज्ज्वल भविष्य की गांरटी है। उसके संघर्ष को सम्मान देने और भविष्य को सुरक्षित करने हेतु यह संकल्प लिया कि विवेक की आगे की शिक्षा का संपूर्ण दायित्व स्वयं उठाऊँगा।

विवेक का परिवार आर्थिक रूप से सीमित संसाधनों में जी रहा है। मगर माता-पिता ने कभी विवेक को उसकी शारीरिक स्थिति को कमजोरी मानने नहीं दिया। एक छोटे से गांव में रहने वाले इस बालक ने न केवल सामाजिक धारणाओं को चुनौती दी, बल्कि यह सिद्ध किया कि शारीरिक बाधाएं मनोबल को नहीं रोक सकतीं।

# शिक्षक रामलाल यादव को भावभीनी विदाई



मनोहरपुर,(रॉयल पत्रिका)। कस्बे के अंबेडकर नगर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को शिक्षक रामलाल यादव के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्टाफ, अभिभावकों और ग्रामीणों ने शिक्षक यादव को भावभीनी विदाई दी।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक ही जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाता है, जिससे बच्चे अपने जीवन और करियर को सही दिशा में अग्रसर करते हैं। और शिक्षक यादव का साफा, माला एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर ग्रामीणों ने सम्मान किया वही महिपाल सिंह गुर्जर ने कहा कि शिक्षक यादव ने अपने सेवाकाल में बच्चों में ज्ञान का प्रकाश फैलाया उनकी सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा।

इस दौरां संपूर्णानंद शर्मा, कृष्ण कुमार, उपेंद्र आत्रेय, महिपाल सिंह गुर्जर, अर्जुन लाल यादव, नाथूराम,नेहपाल यादव, गुलाबचंद बुनकर, शांति देवी, रामचंद्र बुनकर,घनश्याम बुनकर, अर्जुन बेनीवाल सीताराम आदि उपस्थित रहे।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| बिजली फॉल्ट के लिए | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | |
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हैरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

| पानी के लिए | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| **घायल पशुओं के लिए** | |
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर समारोह

## -नारी शक्ति, शिक्षा और सेवा पर वक्ताओं ने रखे विचार

हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। जंक्शन स्थित सरस्वती कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और स्काउट-गाइड संगठन के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि सीडीईओ पन्नालाल कडेला ने कहा कि अहिल्याबाई नारी शक्ति की प्रतीक थीं, जिन्होंने शासन के साथ-साथ समाज सेवा और शिक्षा में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। मुख्य वक्ता श्रीमती प्रेमलता चौधरी ने उनके संघर्षमय जीवन और अडिग आत्मबल पर प्रकाश डाला, वहीं प्रधानाचार्य श्रीमती प्रेरणा रस्तोगी ने उनके स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देने वाले कार्यों को आधुनिक भारत की प्रेरणा बताया। जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) जितेंद्र बठला ने कहा कि अहिल्याबाई जैसी महिलाएं इतिहास में विरले ही होती हैं। उन्होंने छात्रों को समाज सेवा और नैतिक जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। समसा जिला परियोजना समन्वयक पुरुषोत्तम दास शर्मा ने उनके शासनकाल में महिला सम्मान और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि विद्यार्थी उनसे आत्मनिर्भरता की प्रेरणा लें। सीओ स्काउट भारत भूषण शर्मा ने स्काउटिंग को जीवन जीने की कला बताते हुए अहिल्याबाई के सेवा और अनुशासन के आदर्शों से जोड़ा।



**विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर ड्राइंग प्रतियोगिता, छात्रों ने दिए नशा मुक्त समाज के संदेश**

इस अवसर पर विश्व धूम्रपान निषेध दिवस भी मनाया गया, जिसमें ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर आधारित प्रेरक पोस्टर बनाकर जनजागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य पवन कौशिक ने किया और समापन देशभक्ति गीतों तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# गर्मी में प्यासे परिंदों के लिए राहत बनीं महिलाएं : अहसास संस्था ने चलाया “परिंडे बांधो” अभियान

## -दस्तकार केंद्र शेरपुर पर पक्षियों के लिए लगाए गए परिंडे

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। गर्मी की तपन में जब इंसान भी पानी को तरसने लगे, तब बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए अहसास सोशल वेलफेयर सोसायटी सवाई माधोपुर की ओर से एक सराहनीय पहल की गई। संस्था की वाइस चेयरमैन डॉ. आरती सिंह भदौरिया के नेतृत्व में दस्तकार केंद्र, शेरपुर पर “परिंडे बांधो” कार्यक्रम के तहत पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए।

इस अवसर पर कई शिल्पकार महिलाएं भी मौजूद रहीं, जिन्होंने इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर पक्षियों के लिए छायादार स्थानों पर पानी से भरे परिंडे बांधे ताकि वे इस भीषण गर्मी में राहत पा सकें।



संस्था की वाइस चेयरमैन डॉ. आरती सिंह भदौरिया ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन की पहल नहीं है, बल्कि गर्मी के मौसम में समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

अहसास संस्था की यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल भी है। संस्था का आह्वान है कि अधिक से अधिक लोग इस नेक कार्य में सहभागी बनें और अपने घरों, छतों व बाग-बगिचों में परिंडे बांधकर पक्षियों को जीवनदान दें।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर गीतांजलि मेडिकल कॉलेज में नुक्कड़ नाटक का आयोजन



उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और निवारण के उपायों के प्रति जागरूक करना था।

इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से इंटर्न छात्रों ने यह संदेश दिया कि तंबाकू के सेवन से प्रतिवर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु होती है। उन्होंने तंबाकू रोकथाम की विभिन्न रणनीतियों और उपायों को भी सरल भाषा में प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर डीन, डॉ. संगीता गुप्ता ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष, प्रो. डॉ. मुकुल दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष की थीम है – “चमकीले उत्पाद, काली मंशा”

इस अवसर पर विभाग से डॉ. हेमलता मित्तल, डॉ. मेधा माथुर, डॉ. ज्योति जैन, डॉ. भगराज चौधरी (नोडल अधिकारी, टीसीसी), डॉ. जितेंद्र हीरानी, डॉ. विचित्रा और डॉ. दिलशानो भी उपस्थित थे।

# तंबाकू मुक्त गांवों के लिए 31 मई से 15 दिन का अभियान, दुष्प्रभाव भी बताएंगे

## -स्कूलों-स्वास्थ्य केंद्रों के नजदीक तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर सख्त रोक

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। तंबाकू मुक्त गांवों की दिशा में चिकित्सा विभाग 31 मई से विशेष जागरूकता अभियान शुरू कर रहा है, जो 14 जून तक चलेगा। अभियान की शुरुआत विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि इस पखवाड़े के दौरान ग्राम स्तर तक जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 31 मई को ग्राम स्तर पर आमजन को तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। तथा तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में भी जागरूक किया गया। अभियान का उद्देश्य तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायतें और आगे चलकर तंबाकू मुक्त राजस्थान की स्थापना करना है।

आंगनबाड़ी स्तर पर आशा सहयोगिनी, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गांवों में बैठकें कर लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेंगी। इसके साथ ही स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर सख्त रोक लगाई जाएगी। पखवाड़े के दौरान कोटपा एक्ट 2003 और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम 2019 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कोटपा की धारा 4, 5, 6 और 7 के अंतर्गत प्रतिदिन चालान जारी किए जाएंगे। तंबाकू विक्रय केंद्रों पर वैज्ञानिक चेतावनी युक्त सूचना पट्ट लगाए जाएंगे। साथ ही बैनर, पोस्टर, रैलियां और अन्य माध्यमों से प्रचार प्रसार कर जान जन जागरूकता बढाई जाएगी।






# भरतपुर जिले में थाना उद्योग नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## -10 लाख की रंगदारी और स्कॉर्पियो लूट का इनामी बदमाश महिला के वेश में पकड़ा गया



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। भरतपुर जिले की थाना उद्योग नगर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और एक स्कॉर्पियो कार लूटने के मामले में फरार चल रहे 10,000 रुपये के इनामी बदमाश लोकेन्द्र उर्फ लक्की जाट पुत्र हमवीर सिंह (24) निवासी तुहिया थाना उद्योग नगर जो रुंधीया नगर थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया गया है। बदमाश महिला का वेश बदलकर छिपा हुआ था। लोकेन्द्र, कुलदीप सिंह जघीना गैंग का सदस्य है। जनवरी में ही कृपाल जघीना हत्याकांड में जेल से बाहर आया था और बाहर आते ही उसने इस बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया।

भरतपुर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देश पर ये कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार यादव, सहायक पुलिस अधीक्षक शहर पंकज कुमार और ग्रामीण वृत्ताधिकारी आकांक्षा चौधरी की निगरानी में थानाधिकारी उद्योग नगर गंगासहाय की टीम ने इस बदमाश को पकड़ा। लोकेन्द्र उद्योगनगर थाने में दर्ज अवैध हथियार के साथ डकैती और जबरन वसूली के मुकदमेके तहत पुलिस को काफी समय से वांछित था।

**क्या थी पूरी घटना**

धीरज राज शर्मा (21 साल) नाम के एक युवक ने उद्योगनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। धीरज ने बताया कि 22 जनवरी, 2025 को दोपहर करीब 1:30 बजे वे अपनी स्कॉर्पियो कार से आ रहे थे। तभी एक क्रेटा कार में बैठे कुछ लोगों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। पीछा करते हुए उन्होंने धीरज की कार को रोक लिया। क्रेटा से गोपाल जघीना और कृपाल तमरौली नाम के दो लोग उतरे और जबरदस्ती धीरज की स्कॉर्पियो में बैठ गए। इसके बाद लोकेन्द्र उर्फ लक्की और हिम्मत भी स्कॉर्पियो में आ गए।

थोड़ा आगे जाकर, मथुरा रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास गाड़ी रुकवाई गई। सभी लोग स्कॉर्पियो से उतरे और जबरदस्ती धीरज से कार की चाबी छीनकर स्कॉर्पियो लूट ली। लुटेरों ने धीरज को हथियार दिखाकर 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी और पिस्टल से फायर भी किया, जो धीरज के कान के बिल्कुल पास से निकल गई। इसके बाद ही पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

**पुलिस ने कैसे पकड़ा बदमाश को**

इस गंभीर मामले में पुलिस ने पहले ही गोपाल सिंह, कृपाल सिंह और मोहित सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन लोकेन्द्र उर्फ लक्की और हिम्मत लगातार फरार चल रहे थे। उन पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित था और अदालत से उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुके थे।

शुक्रवार 30 मई को पुलिस को एक पुख्ता खबर मिली कि लोकेन्द्र उर्फ लक्की महिला का भेष बदलकर परिक्रमा मार्ग में भीख मांग रहा है, ताकि उसे कोई पहचान न पाए। सूचना मिलते ही थानाधिकारी गंगासहाय अपनी टीम और क्यूआरटी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूंछरी का लौटा चौकी के पास से लोकेन्द्र को धर दबोचा। गिरफ्तारी के समय आरोपी ने सलवार-सूट पहन रखा था और सिर पर चुन्नी ओढ़ी हुई थी। अब पुलिस गिरफ्तार लोकेन्द्र उर्फ लक्की से इस वारदात के बारे में और भी गहराई से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि इस घटना में इस्तेमाल की गई क्रेटा कार अभी तक बरामद नहीं हुई है।

**पुलिस टीम के सदस्य-**

इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में थानाधिकारी गंगासहाय, एएसआई श्री ललित तिवारी, क्यूआरटी टीम प्रभारी अतुल कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल राकेश शर्मा, प्रताप सिंह, कृष्णा, वासुदेव, दीपक और ड्राइवर कांस्टेबल रामवतार शामिल थे। इस कार्रवाई में क्यूआरटी प्रभारी अतुल कुमार शर्मा व कांस्टेबल कृष्णा की मुख्य भूमिका रही।

# जैविभा विश्वविद्यालय में विभिन्न नए पाठ्यक्रमों का इसी सत्र से प्रारम्भ- कुलपति प्रो. दूगड़

## -एक दिवसीय परामर्शदाता कार्यशाला आयोजित

लाडनूं, (रॉयल पत्रिका)। जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) के दूरस्थ एवं ऑनलाईन शिक्षा केन्द्र के तत्वावधान में एक दिवसीय परामर्शदाता कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ ने कहा कि विश्वविद्यालय में नए कोर्सेंज शुरू किए गए हैं। इसी सत्र से नेचुरोपैथी का कोर्स बीएनवाईएस शुरू किया जा रहा है। राजस्थानी साहित्य का पाठ्यक्रम भी शुरू किया गया है। इसमें बीए और एमए के साथ शोधकार्य पीएचडी को भी शुरू किया जा रहा है। संस्कृत में भी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा 15 से 20 सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए गए हैं, जिनमें कुछ दूरस्थ शिक्षा के और कुछ नियमित कोर्स हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति को लागू किया जा चुका है। अब यहां से केवल प्रथम वर्ष उतीर्ण किया तो सर्टिफिकेट, दो वर्ष में डिप्लोमा, 3 वर्ष में बीए की डिग्री और 4 वर्ष बाद बीए ओनर्स की डिग्री मिलेगी। 4 वर्ष का कोर्स करने के बाद एमए के लिए केवल एक वर्ष का ही कोर्स रहेगा। विद्यार्थी अपनी इच्छा से कोर्स कर सकेगा। उन्होंने इस अवसर पर एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ए.बी.सी.) की व्यवस्था के बारे में जानकारी भी दी और कहा कि इसमें बच्चों का एकाउंट खुलता है। इसमें पहले वर्ष एक्जाम दिया वह क्रेडिट हो जाता है। फस्र्ट सेमेस्टर पर 20 अंक की क्रेडिट जमा हो जाएगी। ऐसे 70-80 क्रेडिट होने पर डिग्री मिलेगी। टुकड़े-टुकड़े में अध्ययन पर भी डिग्री ली जा सकती है। यह नियमित पाठ्यक्रमों में किया जा चुका है और दूरस्थ शिक्षा में भी शीघ्र ही किया जाएगा। उन्होंने इसी साल दूरस्थ शिक्षा के साथ ऑनलाईन कोर्सेज होने की जानकारी भी दी। कुलपति ने डिजीलोकर की जानकारी देते हुए उसे अंकतालिका प्राप्त करने का प्रमाणिक माध्यम बताया।



**समन्वयकों के लिए पुरस्कारों की घोषणा**

कुलपति प्रो. दूगड़ ने इस अवसर पर कार्यशाला में सम्मिलित सभी समन्वयकों को विद्यार्थी संख्या बढाने के लिए प्रेरित किया और उसे विश्वविद्यालय के विकास के लिए आवश्यक बताया। साथ ही कुलपति ने घोषणा की कि तीन श्रेणियों में अब 25 या 25 से अधिक एडमिशन करने वाले समन्वयकों, 50 या 50 से अधिक एडमिशन वालों और 75 या 75 से अधिक एडमिशन वाले समन्वयकों को आकर्षक नकद राशि प्रदान करके पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने किसी भी प्रकार की समस्या के लिए उन्हें एक निर्धारित ईमेल पर मेल करने के लिए कहा तथा बताया कि ईमेल करने के बाद तत्काल सम्बंधित अधिकारी उस समस्या का निस्तारण करेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समन्वयकों ने अपने सामने आने वाली समस्याओं के बारे में बताया, जिनका कुलपति ने समाधान व शंका-निवारण किया।

# भामाशाहो द्वारा दो राजकीय विद्यालय के भौतिक विकास हेतु मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना में जमा कराया 81 हजार रुपए का चेक

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर शुभम चौधरी के मार्गदर्शन में संचालित भविष्य की उड़ान से प्रेरित होकर भामाशाहो ने सवाई माधोपुर जिले के दो राजकीय विद्यालय के भौतिक विकास के लिए 81 हजार रुपए की राशि मुख्यमंत्री जन सहभागिता विकास योजना में जमा करवाई है। मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के अंतर्गत जमा करने हेतु राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाढ़ रामगढ़ तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिंगोनी के लिए भामाशाहों से प्राप्त राशि का चौक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा एवं एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता को सौंपा गया।

बाढ़ रामगढ़ विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश रैबारी द्वारा 61 हजार रुपये एवं राउमावि हिंगोनी के वरिष्ठ अध्यापक कँवरपल महावार द्वारा अपनी सेवा निवृति के अवसर पर विद्यालय को दान की गई 20 हजार रुपये की राशि का चौक विद्यालय के प्रधानाचार्य रूप सिंह मीना की उपस्थिति में सौंपा गया।




कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीणा ने बताया कि राउप्रावि बाढ़ रामगढ़ से प्राप्त 61 हजार की राशि पर राज्य सरकार का 60 प्रतिशत अंशदान 91 हजार 500 रुपये मिलेगा, जिससे कुल राशि 1 लाख 52 हजार 500 रुपये की राशि विद्यालय को प्राप्त होगी। प्राप्त राशि से विद्यालय की छत मरम्मत तथा स्टेज निर्माण का कार्य किया जाएगा। वहीं राउमावि हिंगोनी के लिए प्राप्त 20 हजार रुपये पर राज्य सरकार के योजनामद से प्रात अंशदान 30 हजार सहित कुल 50 हजार रुपये की राशि विकास कार्यों हेतु विद्यालय को प्राप्त होगी जिससे विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्धता हेतु वॉटर कूलर एवं पानी की टंकी लगाई जाएगी।

इस अवसर पर सहायक निदेशक कालूराम बैरवा, प्रशासनिक अधिकारी भगवान माली, सहा. प्रशासनिक अधिकारी दीपक शर्मा सहित समग्र शिक्षा के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नयारा एनर्जी पर एयर स्ट्राईक की मॉक ड्रिल

## -जिला कलक्टर एलएन मंत्री ,एसपी जाट व सभी अधिकारी पहुंचे मौके पर



पाली, (रॉयल पत्रिका)। वर्तमान परिस्थितियों के मध्यनजर राज्य सरकार के निर्देशानुसार में मॉक ड्रेल आपरेशन शील्ड पुलिस प्रशासन ने किया और हवाई हमले की स्थिति में बचाव व राहत कामों को परखा।

आज शनिवार को जोधपुर रोड चोटिला स्तिथ नायरा पर ऐयर स्ट्राईक हमले की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस, प्रशासन, सिविल डिफेंस, मेडिकल सहित सभी टीमें तुरंत प्रभाव से मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस प्रशासन व नागरिक सुरक्षा आदि ने जानोमाल के नुकसान से बचाने के बचाव कार्य द्रुत गति से किया गया।

मौके पर तुरंत एक-एक कर घायलों को एम्बुलेंस में स्ट्रेचर की मदद से निकाल कर लाया गया और अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से 5 घायलों को बांगड चिकित्सालय में अस्पताल पहुंचाया गया चोटिल को रोहट में आपात स्थिति के लिये बनाये गये चिकित्सालय व आश्रय स्थल में भिजवाया गया मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। मौके पर जिला कलक्टर एलएन मंत्री ,एसपी चुनाराम जाट, प्रशिक्षु आईएएस बिरजू लाल, प्रशिक्षु आई पी एस, उषा यादव, एडीएम डॉ. बजरंग सिंह, एडीएम अश्विनी सिंह, जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी, एसडीएम विमलेन्द्र सिंह, एसडीएम रोहट पूरण कुमार, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, सीएमएचओ विकास मारवाल सहित कई अधिकारी नागरिक सुरक्षा, मेडिकल, क्यूआरटी, तुरंत प्रभाव से मौके पर पहुंचे।

जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की गई। उन्होंने बताया कि हमले मे कुल 20 घायल है, जिनमे से 5 को देखने वे बांगड चिकित्सालय पहुंचे और उनसे मुलाकात की। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना पर सभी टीमें समय पर मौके पर पहुंच गयी। मौके पर जिला कलक्टर ने हालातो का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस, अग्निशमन, मेडिकल , सिविल डिफेंस के जवान, एम्बुलेंस, विभागीय अधिकारी आदि सभी समय से पहुंचे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित हुआ जन चेतना कार्यक्रम

शाहपुरा,(रॉयल पत्रिका)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुरा द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में नारायण स्मृति पार्क के सामने एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विधायक मनीष यादव के निर्देशानुसार एवं पूर्व नगर पालिका चेयरमैन बद्री सैनी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने तंबाकू से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य हानियों, युवाओं में बढ़ती लत और समाज पर इसके नकारात्मक प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की। पूर्व चेयरमैन बद्री सैनी ने बताया कि तंबाकू न केवल शरीर को भीतर से खोखला करता है, बल्कि यह पूरे परिवार और समाज के लिए खतरा बन जाता है। साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष नाथु सैनी ने इस अवसर पर नागरिकों को तंबाकू का सेवन न करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। पूर्व चेयरमैन प्रेम देवी, रामेश्वर गोरेटा, मुकेश खूड़ानिया ने जोर देकर कहा कि तंबाकू नहीं,



जीवन चुनें, क्योंकि एक कश, ज़िंदगी की कीमत चुकवा सकता है। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं, युवाओं और स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। सभी ने एक स्वर में तंबाकू के खिलाफ अभियान को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्षद असलम कुरेशी, अर्जुन, पूर्व पार्षद रामावतार पर्वत, नर्सीप्रसाद ओमप्रकाश, निहाल, विशाल पलसानिया वकील खान मदन, बनवारी लाल मीणा मालीराम सैनी कैलाश, अर्जुन सैनी उम्मेद, अर्जुन कुम्हार रामकुमार लुहार, महेश नायक, लोकेश, वकील,दिव्यम सिंह मंजीत, मनीष,बाबूलाल बुनकर राजेन्द्र शर्मा सुभाष कुम्हार विनोद मेहरा धीरज टांक विवेक योगी विकास ढबास रामस्वरुप चेलरवाल कार्तिक पलसानिया मौजूद रहे।

## सवाई माधोपुर में द्वितीय सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। हवाई हमले की पूर्व सूचना देने, चेतावनी प्रणाली को सक्रिय करने और ब्लैक आउट के निर्देशों की प्रभावी पालना के लिए केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर शनिवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मानटाउन सवाई माधोपुर में द्वितीय सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल ऑपरेशन (ऑपरेशन शील्ड ) का आयोजन हुआ।

इस दौरान मुख्य रूप से हवाई हमले की पूर्व सूचना देने के लिए चेतावनी प्रणाली को सक्रिय करने, आग लगने पर पीड़ितों के बचाव की कार्यवाही और ब्लैक आउट के निर्देशों की प्रभावी पालना करने का पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक किया गया।

# वित्त वर्ष 2024-25 में इफको का शानदार प्रदर्शन

**नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47 प्रतिशत की वृद्धि**

**नैनो-उर्वरकों की बिक्री में वर्ष-दर-वर्ष 47 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसमें इफको नैनो डीएपी ने वर्ष-दर-वर्ष बिक्री में 118 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सर्वोत्तम विकास परिणाम प्रदर्शित किया।**

**इफको ने पीबीटी के रूप में 3,811 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया, जो पिछले तीन वित्तीय वर्षों से ज़ारी प्रवृत्ति है**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व की नंबर 1 सहकारी संस्था, इफको ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर-पूर्व लाभ के रूप में 3,811 करोड़ रुपये का मुनाफ़ा दर्ज किया, साथ ही नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इस वित्त वर्ष (2024-2025) में नैनो-उर्वरकों की 365.09 लाख बोतलें बेची गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष (2023-2024) में 248.95 लाख बोतलें बेची गई थीं। वित्त वर्ष 24-25 के दौरान इफको ने 41,244 करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया। इफको के अध्यक्ष श्री दिलीप संघानी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह देश के पूरे सहकारी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि इफको के शानदार विकास के आंकड़े सहकार से समृद्धि के सपने को साकार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति ने लगातार तीन वित्तीय वर्षों में 3000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ दर्ज किया है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले 23 लगातार वर्षों से इफको ने अपने सदस्यों को चुकता शेयर पूंजी पर 20 प्रतिशत लाभांश देकर पुरस्कृत किया है - जो न्यायसंगत और सतत विकास के प्रति इसके समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय के समर्थन से नैनो-उर्वरक समिति के लिए प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है, व्यापक जागरूकता अभियान और अनुसंधान ने किसानों के बीच उत्पादों की स्वीकृति बढ़ाने में समिति की मदद की है।

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बेची गई 365 लाख बोतलों में से 268 लाख बोतलें इफको नैनो यूरिया प्लस (लिक्विड) और 97 लाख बोतलें इफको नैनो डीएपी (लिक्विड) की बेची गईं। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में इफको नैनो यूरिया प्लस (लिक्विड) की बिक्री 31 प्रतिशत और इफको नैनो डीएपी (लिक्विड) की बिक्री 118 प्रतिशत अधिक है। यह बिक्री मात्रा 12 लाख मीट्रिक टन पारंपरिक यूरिया और 4.85 मीट्रिक टन पारंपरिक डीएपी के बराबर है। इफको के डब्ल्यूएसएफ/स्पेशलिटी फर्टिलाइजर्स/सागरिका ग्रेन्युल फर्टिलाइजर ने 1.92 लाख मीट्रिक टन की बिक्री हासिल की है। डब्ल्यूएसएफ/स्पेशलिटी फर्टिलाइजर्स की बिक्री 1.30 लाख मीट्रिक टन है जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2 प्रतिशत अधिक है। सागरिका लिक्विड की बिक्री 11.55 लाख लीटर है जो 33 प्रतिशत अधिक है, सागरिका ग्रेन्युल 68,000 मीट्रिक टन है जो 28 प्रतिशत अधिक है और जैव-उर्वरकों की बिक्री 8.61 लाख लीटर है जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है।

## टीवीएस मोटर ने स्टाइल अपग्रेड और स्मार्टएक्सोनेक्ट फीचर्स के साथ लॉन्च किया जुपिटर 125 डुअल टोन वैरिएंट

बेंगलुरु एजेंसी। दुनिया की प्रमुख टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर निर्माता कंपनियों में से एक, टीवीएस मोटर कंपनी ने आज अपने लोकप्रिय स्कूटर लाइन-अप में नया मॉडल जुपिटर 125 डुअल टोन एसएक्स्सी लॉन्च किया है। यह नया वैरिएंट कंपनी के वादे



हर 125 स्कूटर से ज्यादा को और मजबूत बनाता है - ज्यादा स्टाइल, ज्यादा फीचर्स और ज्यादा वैल्यू। इस स्कूटर को खासतौर पर उन राइडर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो अपने रोजमर्रा के आवागमन में स्टाइल और स्मार्ट फीचर्स चाहते हैं। यह स्कूटर दो आकर्षक डुअल-टोन कलर ऑप्शन्स में उपलब्ध है - आइवरी-ब्राउन और आइवरी ग्रे, जो अर्बन इंडिया की प्रीमियम पसंद को दर्शाते हैं। लॉन्च पर टीवीएस मोटर कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, श्री अनिरुद्ध हाल्दार ने कहा, आज का ग्राहक सिर्फ स्कूटर नहीं खरीदता, बल्कि अपनी प्रगति का प्रतीक चुनता है। टीवीएस जुपिटर 110 की सफलता के बाद, टीवीएस जुपिटर 125 को नया लुक और एडवांस्ड फीचर्स के साथ लॉन्च करना एक स्वाभाविक कदम था।

000000

## सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में 10 गौरवशाली वर्षों की उत्कृष्टता का जश्न मनाया

गुरुग्राम , एजेंसी। भारत की सबसे तेजी से बढ़ती सोलर मॉड्यूल निर्माण कंपनियों में से एक, सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड आज अपनी स्थापना के 10 गौरवशाली वर्ष पूरे होने का जश्न मना रही है। 29 मई 2015 को स्थापित सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने भारत के सौर ऊर्जा क्षेत्र में एक मजबूत स्थान बना लिया है। सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत 'सात्विक ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड' के रूप में शामिल किया गया था। बाद में इसे एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी में बदला गया, जिसके लिए बोर्ड ने 20 सितंबर 2024 और शेयरधारकों ने 21 सितंबर 2024 को प्रस्ताव पारित किए। इसके बाद कंपनी का नाम बदलकर सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड कर दिया गया।

## अमेजन फैशन ने की 30 मई से 4 जून तक वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल के 16वें संस्करण को आयोजित करने की घोषणा

बेंगलुरु। अमेजन फैशन ने आज अपनी 16वीं वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल की घोषणा की, जो 30 मई से 4 अप्रैल तक चलेगी। 4 लाख से अधिक स्टाइल के सबसे विस्तृत ब्रांड पोर्टफोलियो वाली इस सेल में अब कैरेटलेन, गैप, वाइल्डक्राफ्ट आदि जैसे 20 से ज्यादा ब्रांड्स और चयन को रणनीनिक रूप से जोड़ा गया है, औरएक्सक्लूसिव नए प्रीमियम डेस्टिनेशन द प्रीमियम एडिट के साथ रीब्रांडेड जेन जेड डेस्टिनेशन सर्व को पेश किया गया है।

यह संस्करण बेहतरीन मूल्य और शीर्ष ब्रांड्स को एक साथ लाता है, ग्राहकों को अमेजन की हॉलमार्क सुविधा, भरोसा और डिलीवरी स्पीड के साथ अभूतपूर्व चयन की पेशकश करता है।

प्रीमियम फैशन के शौकीन लोग गैस, अरमानी एक्सचेंज, केविन लेन, लैकोस्टे, अलेक्जेंडर क्रिस्टी, माइकल कोर्स, मोकोबारा, टॉमी हिलफिगर, लुईस फिलिप, फॉसिल और अन्य ब्रांड से खरीदारी कर सकते हैं, साथ ही ट्रेंड के प्रति जागरुक उपभोक्ता न्यूनतम 30 फीसद छूट के साथ नए लॉन्च किए गए अमेरिकी क्लासिक ब्रांड गैप से खरीदारी कर सकते हैं। सेल में कैरेटलेन के बेहतरीन आभूषण भी पेश किए गए हैं, जो ग्राहकों को अमेजन की प्रसिद्ध सुविधा के साथ भरोसेमंद शिल्प कौशल प्रदान करते हैं।

निखिल सिन्हा, डायरेक्टर, अमेजन फैशन इंडिया ने कहा, अमेजन फैशन में, हम आपके लिए ब्रांड्स, ट्रेंडिंग स्टाइल और रोमांचक नए लॉन्च का एक व्याक संग्रह लेकर आए हैं, वो भी अमेजन के भरोसे और सुविधा के साथ बहुत अच्छी कीमत पर।

## हर्षवर्धन राणे-सोनम बाजवा की फिल्म ने प्रोडक्शन हाउस बदला

- **अब विकिर फिल्म्स नहीं, प्ले डीएमएफ बनाएगी फिल्म**

मुंबई, एजेंसी। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की आने वाली रोमांटिक फिल्म से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। पहले यह फिल्म विकिर फिल्म्स के बैनर तले बन रही थी, लेकिन अब इसका प्रोडक्शन प्ले डीएमएफ ने अपने हाथों में ले लिया है। यह प्रोडक्शन हाउस अंशुल गर्ग का है। फिल्म का निर्देशन मिलाप ज़वेरी कर रहे हैं और इसे राघव शर्मा को-प्रोड्यूस कर रहे हैं। जब इस फिल्म की पहली झलक और इसका वर्किंग टाइटल दीवानियत सामने आया था, तब इसने काफी चर्चा बटोरी थी। लेकिन रचनात्मक मतभेदों और फिल्म की दिशा में बदलाव के कारण अब इसे नए प्रोडक्शन हाउस के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। इस बदलाव को फिल्म की यात्रा में एक बड़ा मोड़ माना जा रहा है। अंशुल गर्ग, जो म्यूज़िक और डिजिटल एंटरटेनमेंट की दुनिया में अपने नए और हटके कामों के लिए जाने जाते हैं, अब इस फिल्म की पूरी ज़िम्मेदारी लेंगे। उम्मीद की जा रही है कि उनके आने से फिल्म को एक नई सोच और जोश मिलेगा। खबरें ये भी हैं कि फिल्म की कहानी और उसका प्रस्तुत करने का तरीका अब बदला जा रहा है, ताकि यह प्ले डीएमएफ की भावनाओं से जुड़ने वाली और युवाओं को पसंद आने वाली शैली में ढल सके। इस बदलाव का असर फिल्म के बाकी हिस्सों पर भी पड़ा है। अब फिल्म का नाम और इसकी रिलीज़ की योजना भी बदली जा रही है, ताकि सब कुछ नए नजरिए के हिसाब से हो।

## इन्फोसिस फाउंडेशन ने आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के चौथे संस्करण की घोषणा की

नई दिल्ली। ईपीसी इन्फोसिस की परोपकारी कार्य करने वाली और सीएसआर इकाई इन्फोसिस फाउंडेशन ने अपने आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के चौथे संस्करण को लॉन्च करने का एलान किया है। भारत में सोशल इनोवेशन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए इन्फोसिस फाउंडेशन ने इस अवार्ड में हिस्सा लेने के लिए देशभर से इनोवेटर्स एवं सामाजिक उद्यमियों को आमंत्रित किया है।

आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड 2025 का उद्देश्य व्यक्तिगत स्तर परऐसे लोगों को, टीमों को, एनजीओ को और सामाजिक उद्यमियों को चिह्नित एवं पुरस्कृत करना है, जो टेक्नोलॉजी आधारित ऐसे अनूठे समाधान विकसित कर रहे हैं, जो बड़े पैमाने पर देश के वंचित समुदायों पर उल्लेखनीय प्रभाव डालने में सक्षम हैं। इन्फोसिस फाउंडेशन ने प्रत्येक विजेता को 50 लाख रुपये तक देने की घोषणा की है। पुरस्कार की कुल राशि 2 करोड़ रुपये होगी। इन्फोसिस फाउंडेशन के ट्रस्टी सुमित विरमानी ने कहा, 'इन्फोसिस फाउंडेशन में हम वास्तविक जीवन की चुनौतियों को दूर करने और समुदायों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में इनोवेशन की ताकत में विश्वास करते हैं। आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के माध्यम से हम ऐसे परिवर्तनकारी लोगों को पहचानने और उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी समाधान विकसित कर रहे हैं। हम देशभर के सोशल इनोवेटर्स को आगे आने, अपने विचारों को साझा करने और एक प्रभावी बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## डेटॉल ने महान कैप्टन कूल एमएस धोनी का ब्रांड एंबेसडर के रूप में किया स्वागत

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी कीटाणु सुरक्षा ब्रांड डेटॉल ने क्रिकेट के दिग्गज और भारत के असली कैप्टन कूल – महेंद्र सिंह धोनी – को अपने डेटॉल साबुन, बॉडीवॉश और हैंडवॉश रेंज का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह अपनी तरह की पहली साझेदारी है, जो एक प्रतिष्ठित कूल शख्सियत और एक भरोसेमंद कूल ब्रांड को एक साथ लाती है, और गर्मियों में ठंडक बनाए रखने का समाधान डेटॉल आइसी कूल पेश करती है। तीन गुना तीव्र ठंडक9 और त्वचा संक्रमण के कीटाणुओं से 99.9 प्रतिशत सुरक्षास के साथ, डेटॉल आइसी कूल गर्मियों के लिए एक परफेक्ट जरूरत है। यह उपभोक्ताओं की एक असली जरूरत को पूरा करता है – गर्मी और पसीने के कारण होने वाले त्वचा संक्रमण




के कीटाणुओंस से सुरक्षा प्रदान करता है। ऐसे देश में जहाँ गर्मियां बेहद तीव्र हो सकती हैं और पसीने से चिपचिपी त्वचा असहजता का कारण बनती है, डेटॉल आइसी कूल देता है तुरंत बर्फ जैसी ठंडक और ताजगी का एहसास – ताकि आपका शरीर ठंडा रहे, मन शांत रहे, और आप दबाव भरे पलों में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें। डेटॉल दशकों से सुरक्षा और देखभाल का प्रतीक रहा है, और देश भर के करोड़ों घरों का भरोसा जीत चुका है। यह प्रभावशाली साझेदारी एम.एस. धोनी की शांत और मजबूत छवि को डेटॉल की भरोसेमंद सुरक्षा के साथ जोड़ती है, यह एक परफेक्ट मेल है जो बेहतरीन सुरक्षा और बेजोड़ ठंडक9 के साथ गर्मियों के अनुभव को बेहतर बनाने का वादा करता है।

### साझेदारी पर बात करते हुए महेंद्र सिंह धोनी ने कहा, डेटॉल के साथ जुड़कर और उनके नए कूल कैंपेन

डेटॉल आइसी कूल को पेश करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। दबाव में शांत रहना हमेशा से मेरे जीवन का एक अहम हिस्सा रहा है, चाहे वह मैदान पर हो या मैदान के बाहर। डेटॉल आइसी कूल ठंडा रहने का परफेक्ट समाधान देता है, जब शरीर ठंडा रहेगा, तो मन भी शांत रहेगा।

यही वजह है कि यह कैंपेन मुझे बहुत अच्छा लगा और इसका हिस्सा बनकर मैं बहुत उत्साहित हूं। इस कैंपेन के टीवीसी को मैककैन वर्ल्ड ग्रुप ने तैयार किया है। प्रसून जोशी, चेयरमैन, मैककैन वर्ल्डग्रुप, एशिया पैसिफिक और सीईओ एवं सीसीओ, मैककैन वर्ल्डग्रुप इंडिया ने कहा, बॉडी कूल तो माइंड कूल। डेटॉल आइसी कूल और कैप्टन कूल एम.एस. धोनी के साथ यह कैंपेन दर्शाता है कि सबसे कठिन परिस्थितियों में भी कूल रहना प्रदर्शन को बेहतर बनाता है।

## पी एंड जी शिक्षा ने मंडीदीप के पास बमुलिया पवार में नये स्कूल ब्लॉक का उद्घाटन किया

- **पी एंड जी शिक्षा और राउंड टेबल इंडिया ने इस स्कूल में नई बड़ी कक्षाओं का निर्माण किया है, जिससे आने वाले वर्षों में हजारों छात्रों को सीखने के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा**
- **अपने सीएसआर कार्यक्रम पी एंड जी शिक्षा के माध्यम से, पी एंड जी इंडिया ने पिछले 20 वर्षों में देश भर में समग्र शैक्षिक हस्तक्षेप जारी रखा है, जिससे 50 लाख से अधिक बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है**

**मुंबई, एजेंसी।** पैम्पर्स, व्हिस्पर, टाइड, जिलेट आदि ब्रांडों के निर्माता प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया (पी एंड जी इंडिया) ने आज मध्य प्रदेश के रायसेन जिले की गोहरगंज तहसील में बमुलिया पवार के सरकारी मिडिल स्कूल में एनजीओ - राउंड टेबल इंडिया के साथ साझेदारी में निर्मित एक नये स्कूल ब्लॉक का अनावरण किया। यह स्कूल, जहां मानसून के दौरान छात्रों के लिए पहुंचना मुश्किल होता था, जिससे सीखने में बाधा आती थी, अब दो नई और बड़ी कक्षाओं के द्वारा आने वाले वर्षों में हजारों छात्रों को सीखने के लिए अनुकूल बेहतर वातावरण प्रदान करके लाभान्वित करेगा। कक्षाओं के साथ इस स्कूल में पी एंड जी शिक्षा ने बच्चों के लिए 2 स्वच्छ नए शौचालय भी उपलब्ध कराएं हैं। इस वर्ष, पी एंड जी शिक्षा अपने शैक्षिक हस्तक्षेपों के माध्यम से



देश भर में वंचित समुदायों में सकारात्मक प्रभाव डालने के दो दशकों का जश्न मना रहा है। इसी के अंतर्गत, पिछले महीने, पी एंड जी इंडिया ने मंडीदीप में अपने विनिर्माण संयंत्र में इस अवसर को मनाने के लिए पी एंड जी शिक्षा की विशेष कॉफी टेबल बुक ट्वेंटी टेल्स ऑफ ट्रायम्फ का अनावरण किया था। विशेष पुस्तक में भारत भर से दृढ़ता और प्रगति की प्रभावशाली कहानियों को शामिल किया गया है, जिसमें मध्य प्रदेश के बच्चों की कहानियां भी शामिल हैं, जिन्हें पी एंड जी शिक्षा की पहल का लाभ उठाकर उल्लेखनीय प्रगति के लिए सम्मानित किया गया था। इसके साथ, मध्य प्रदेश में, पी एंड जी शिक्षा अपने समग्र शैक्षिक हस्तक्षेपों के माध्यम से वंचित समुदायों के बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव डाल रही है।

## भारत में इंफ्रा पर खर्च बढ़ने से पीएनसी इंफ्राटेक के चेयरमैन को कंपनी की वृद्धि पर भरोसा

मुंबई। पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार जैन ने एक्सचेंजों पर कंपनी के सूचीबद्ध होने के दस साल पूरे होने पर शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में कंपनी की विकास गति पर विश्वास व्यक्त किया। जैन ने कहा, 2015 में सूचीबद्ध होने के बाद से हमने सभी मोर्चों पर नई ऊंचाइयों को छुआ है। स्टॉक प्रदर्शन, राजस्व, लाभप्रदता और ऑर्डर बुक की मजबूती। सूचीबद्ध होने के बाद से कंपनी के शेयर में 3.7 गुना वृद्धि हुई है। राजस्व 19.4 प्रतिशत की सीएजीआर की दर से 1,561 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,699 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी की वृद्धि और लाभप्रदता पर प्रकाश डालते हुए जैन ने जोर देकर कहा कि पीएनसी इंफ्राटेक का एबिट्डा 21.8 प्रतिशत सीएजीआर के साथ 217 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,277 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी का कर के बाद का लाभ 26.8 प्रतिशत की सीएजीआर (वित्त वर्ष 2015 से वित्त वर्ष 2024 की अवधि में) के साथ 100 करोड़ रुपये से बढ़कर 850 करोड़ रुपये हो गया है। जैन ने कहा, चालू वित्त वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और 31 दिसंबर 2024 तक निष्पादन के तहत कांट्रैक्ट का शेष मूल्य 18,900 करोड़ रुपये से अधिक है, जो वित्त वर्ष 24 के राजस्व का 2.4 गुना से अधिक है। पीएनसी इंफ्राटेक के पास लॉन्ग टर्म लोन के लिए केयर एए+ और शॉर्ट टर्म लोन के लिए केयर ए1+ क्रेडिट रेटिंग के साथ एक स्थिर क्रेडिट प्रोफाइल भी है।

## इंडेल मनी ने वित्त वर्ष 25 में वितरण में 69 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की

- **गोल्ड लोन एनबीएफसी की एयूएम में पिछले वित्त वर्ष में 2,400 करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंचने के लिए 52 प्रतिशत की वृद्धि हुई**

**वित्त वर्ष 26 में 10,000 करोड़ रुपये का वितरण हासिल करने का लक्ष्य**

**मुंबई, एजेंसी।** इंडेल मनी, देश की प्रमुख गोल्ड-लोन एनबीएफसी में से एक, ने अपनी प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एयूएम) में 52 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हासिल की है, जिससे कुल परिसंपत्ति 2,400 करोड़ रुपये पहुंच गई। कंपनी ने 10 प्रतिशत की वार्षिक बढ़ोतरी के साथ 61 करोड़ रुपये का लाभ भी दर्ज किया। इंडेल मनी का रिपोर्ट किया गया एनपीए अपनी परिसंपत्तियों का 1.35 प्रतिशत है, जो पिछले साल के 3.17 प्रतिशत की तुलना में परिसंपत्ति की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार को दर्शाता है। गोल्ड लोन कंपनी की मुख्य आधारशिला हैं, जो कुल एयूएम का 94 प्रतिशत हिस्सा हैं। कंपनी ने वित्त वर्ष 25 में अपने वितरण में 69 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की।



इंडेल मनी चालू वित्त वर्ष 26 के दौरान 10,000 करोड़ रुपये का वितरण और 4,000 करोड़ रुपये का एयूएम प्राप्त करना चाहती है। कंपनी ने वित्त वर्ष में 89 शाखाएँ खोलीं, जिससे शाखाओं की कुल संख्या बढ़कर 365 हो गई। 31 मार्च, 2025 तक कंपनी ने 12 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रखी है।

इस बारे में इंडेल मनी के कार्यकारी निदेशक और सीईओ उमेश मोहनन ने कहा, वर्तमान चुनौतियों के बावजूद, कंपनी ने पूरे वर्ष बेहतरीन प्रदर्शन किया है, जो 69 प्रतिशत की वितरण वृद्धि और 52 प्रतिशत की एयूएम वृद्धि में साफ दिखाई देता है। हम चालू वित्त वर्ष को लेकर भी बेहद आशावादी हैं, क्योंकि आने वाली तिमाहियों में ब्याज दरों में कटौती की संभावना है और आर्थिक वृद्धि की रफ्तार तेज होने की उम्मीद है।

## ड्रामा, गड़बड़ी और तबाही - एक अलग ही तरह का हंगामा मच गया है

नई दिल्ली, एजेंसी। जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ्लिक्स ने एक मजेदार वीडियो रिलीज किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं — और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा वो तो बिलकुल भी तैयार नहीं था। सुनील ग्रोवर, जो कभी भी चुपचाप एंट्री नहीं करते, उन्होंने कहा, राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, ऐक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूँ। जैसे ही नेटफ्लिक्स ने मुझे ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था।

## मोशन ने लॉन्च की नई नीट पीवायक्यू सोल्यूशन बुक्स

**सवालों के साथ क्यूआर कोड से मिलेगा वीडियो सोल्यूशन**

**कोटा।** नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए मोशन एजुकेशन ने नीट पीवायक्यू सोल्यूशन बुक्स लॉन्च की हैं। इन पुस्तकों में प्रत्येक सवाल के साथ एक क्यूआर कोड भी दिया गया है, जिसे स्कैन करके छात्र सवाल का टेक्स्ट और उससे जुड़ा वीडियो सोल्यूशन सीधे देख सकते हैं। इससे छात्रों को कॉन्सेप्ट क्लियर करने में मदद मिलती है और वे अपनी तैयारी को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। यह नया फीचर नीट की तैयारी में एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आएगा, जिससे छात्र आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।



मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि इस बार नीट पेपर का स्तर काफी कठिन था और यह स्पष्ट हो गया है कि इस परीक्षा में केवल तथ्यात्मक सवालों का दौर खत्म हो चुका है। अब केवल जानकारी ही नहीं, बल्कि विश्लेषणात्मक अध्ययन की आवश्यकता है। इसी नए ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए मोशन ने पीवायक्यू सोल्यूशन बुक्स तैयार की हैं, पुस्तक में केवल सवालों के उत्तर दिए गए हैं, जबकि कॉन्सेप्ट क्लियरिटी के लिए प्रत्येक सवाल के सामने क्यूआर कोड भी उपलब्ध है, जिसे स्कैन करके छात्र सवाल का टेक्स्ट और उससे जुड़ा वीडियो सोल्यूशन देख सकते हैं।

मोशन के ज्वाइंट डायरेक्टर और नीट डिवीजन के हेड अमित वर्मा ने बताया कि नीट यानी नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट के जरिए देश के मेडिकल यूजी (अंडरग्रेजुएट) जैसे एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और बीवीएससी और एएच की सीटों पर एडमिशन मिलता है। हर साल देश के करीब 24 लाख विद्यार्थी यह एग्जाम देते हैं। नीट में ग्यारह और बारहवीं स्तर के कुल 180 सवाल होते हैं। इसके लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, जूलॉजी और बॉटनी के लिए 45-45 अंक यानी कुल 720 अंक होते हैं।

विनय पाठक का खुलासा-

# मुन्ना भाई नहीं बल्कि, खोसला का घोसला है बोमन ईरानी की पहली फिल्म



एक्टर विनय पाठक अपनी नई फिल्म चिड़िया की तैयारियों में जुटे हैं। उन्होंने अभिनेता बोमन ईरानी को लेकर बात की और बताया कि उन्होंने फिल्म खोसला का घोसला के जरिए हिंदी सिनेमा में कदम रखा था, लेकिन लोग मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस. को उनकी पहली हिंदी फिल्म मानते हैं। विनय ने इसके पीछे का कारण भी बताया। विनय ने कहा कि फिल्म वितरण में दिक्कतें आने के कारण खोसला का घोसला की रिलीज में देरी हुई थी। यह फिल्म करीब 3 साल तक बंद पड़ी रही, इस दौरान बोमन ईरानी की फिल्म मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस. रिलीज हो गई और इस तरह इस फिल्म को उनकी पहली फिल्म मानी जाती है। विनय पाठक ने खोसला का घोसला में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा, खोसला का घोसला की सबसे अच्छी बात यह थी कि मैं अपने दोस्तों के साथ काम कर रहा था। यह मुझे हर काम में सबसे ज्यादा खुशी देता है। उस वक्त रणवीर शौरी और मैं दोनों थे, फिर बोमन ईरानी भी आए। ये उनकी पहली फिल्म थी, लेकिन खोसला का घोसला तीन साल तक रिलीज नहीं हुई, तब तक उनकी मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस. रिलीज हो गई। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग को काफी पसंद किया गया और वे लोकप्रिय हो गए। दिलचस्प बात यह है कि दोनों फिल्में खोसला का घोसला और मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस. बड़ी हिट साबित हुईं। ये दोनों फिल्में इंडस्ट्री की दुनिया में कदम रखने वाले निर्देशकों ने बनाई थीं।

मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस. के निर्देशक सुपरस्टार राजकुमार हिरानी थे, जबकि खोसला का घोसला के निर्देशक दिबाकर बनर्जी थे, जो अपनी खास और अलग तरह की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

दोनों फिल्मों को नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स भी मिले और दोनों फिल्मों में बोमन ईरानी ने नकारात्मक या ग्रे शेड किरदार निभाया था। फिल्म चिड़िया का निर्देशन मेहरान अमरोही ने किया है।



# विराट के बाद ... तमन्ना ने लगाया इंस्टाग्राम पर इल्जाम

**क्रिकेटर विराट कोहली के बाद अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने इल्जाम लगाया है कि इंस्टाग्राम अपने आप पेजों को लाइक करता है। ताजा मामला दीपिका पादुकोण से जुड़ा है।**

हाल ही में क्रिकेटर विराट कोहली ने दावा किया था कि इंस्टाग्राम पर अपने आप पोस्ट लाइक हो गई। अब अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म खुद से पेजों को लाइक करता है।

तमन्ना ने बुधवार को अपनी एक सेल्फी के साथ एक स्टोरी पोस्ट करते हुए कहा क्या इंस्टाग्राम हमें ये बता सकता है कि वह खुद से पेजों को कैसे लाइक करता है, क्योंकि कई लोग इसे खबर बना रहे हैं और मुझे अपना काम करना है।

### तमन्ना ने दीपिका की रील को लाइक किया था

आपको बता दें कि कथित तौर पर तमन्ना भाटिया ने दीपिका पादुकोण की एक इंस्टाग्राम रील को लाइक किया।

इस रील में वेतन में अंतर, काम के माहौल और महिलाओं के प्रति द्वेष जैसे मुद्दों को उजागर किया गया। तमन्ना की यह पोस्ट दीपिका पादुकोण और फिल्म निर्माता संदीप रेड्डी वांगा के बीच फिल्म स्पिरिट को लेकर चल रहे विवाद के बीच आई है।

### संदीप रेड्डी ने किया था पोस्ट

हाल ही में फिल्म निर्माता संदीप रेड्डी वांगा ने एक पोस्ट की। इसमें उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन लोगों ने इसे दीपिका पादुकोण से जोड़ा। उन्होंने पोस्ट काफी गुस्से में की और दीपिका के व्यवहार को अनप्रोफेशनल बताया।

दीपिका पादुकोण पहले वांगा की फिल्म स्पिरिट का हिस्सा थीं लेकिन बाद में वह इससे अलग हो गईं। दीपिका ने फिल्म में शूटिंग के घंटों को कम करने और दूसरी मांगें रखी थीं। इससे वांगा नाराज हो गए।

### दीपिका पर फिल्म के कुछ हिस्से लीक करने का दावा

आपको बता दें मार्च 2025 में ऑनलाइन अफवाहें उड़ीं कि स्पिरिट का कथानक लीक हो गया है, कुछ लोगों ने तमिल फिल्म थेरी से समानता का दावा किया। हालांकि फिल्म लीक होने की बात की तस्दीक नहीं हो पाई है। फिल्म स्पिरिट से दीपिका के जाने के कुछ समय बाद, फिल्म के निर्माताओं ने बताया कि इसमें तृप्ति डिमरी को लिया गया है।

### क्या है विराट कोहली का मामला?

इससे पहले विराट कोहली तब चर्चा में आए थे जब इंटरनेट यूजर्स ने देखा कि उनके इंस्टाग्राम अकाउंट ने अभिनेत्री अवनीत कौर की एक पोस्ट लाइक की। विराट ने बाद में अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक छोटा सा नोट शेयर करके इस बारे में सफाई दी। उन्होंने लिखा मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि फीड साफ करते समय, ऐसा लगता है कि एल्गोरिदम ने गलती से कोई इंटरैक्शन दर्ज कर लिया है। इसके पीछे कोई इरादा नहीं था। मैं गुजारिश करता हूं कि कोई धारणा न बनाई जाए। आपकी समझ के लिए धन्यवाद।

# जब रोमांस वाली फिलिंग जागे... मॉनसून में शायर बनी सारा

**मॉनसून** कुछ लोगों के लिए रोमांटिक है, तो कुछ के लिए यह मौसम शांति और सुकून भरा है। बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने बारिश के मौसम को लेकर सोशल मीडिया पर अपने दिल की बात शेयर की। उन्होंने बताया कि उन्हें बारिश रोमांटिक लगती है, वह इसका खूब आनंद लेती हैं। सारा अली खान ने इंस्टाग्राम पर कुछ खूबसूरत सेल्फी और एक प्यारी सी शायरी पोस्ट की। उन्होंने बारिश के मौसम में अपने रोमांटिक मूड को दिखाते हुए लिखा, मॉनसून में भरो मग्गे और कोजी होकर सुनो जमाना लगे, रोमांस वाली फिलिंग जब जागे, थिंक ऑफ आपके प्यारे सगे उनके कैप्शन का मतलब यह है कि जब बारिश होती है, तो मूड रोमांटिक हो जाता है। ऐसे में जब प्यार वाला एहसास जागे, तो अपने खास इंसान को याद करें। फोटो में सारा स्टाइलिश और फिट ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। कैमरे के सामने वह अलग-अलग अंदाज में पोज दे रही हैं। 28 मई को सारा को उनकी आने वाली फिल्म मेट्रो इन दिनों के पहले गाने जमाना लगे के लॉन्चिंग इवेंट में देखा गया था। इस इवेंट में उनके साथ आदित्य रॉय कपूर, अली फजल, फातिमा सना शेख, कोंकणा सेन शर्मा और फातिमा सना शेख मौजूद थीं। जमाना लगे का साउंडट्रैक प्रीतम ने तैयार किया, वहीं इसमें अरिजीत सिंह और शाश्वत सिंह ने अपनी आवाज दी है। गाने के वीडियो की शुरुआत बारिश वाले दिन से होती है। पहले सीन में आदित्य का किरदार, सारा को ट्रेन स्टेशन पर अलविदा कहता है। इसके बाद सीन बदलता है और दिखाया जाता है कि अली फजल और फातिमा मिलकर होली का त्योहार मना रहे हैं। इसके बाद अनुपम और नीना गुप्ता की जोड़ी को दिखाया जाता है। दोनों शहर की सड़कों पर स्कूटर पर घूमते नजर आते हैं। आखिर में, पंकज त्रिपाठी और कोंकणा का सीन देखने को मिलता है। दोनों समुद्र किनारे पर क्वालिटी टाइम बिताते हैं। मेट्रो इन दिनों फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु ने किया है। यह गुलशन कुमार और टी-सीरीज, अनुराग बसु प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्रस्तुत है। फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



फिर गूंजेगी किलकारी!

# इलियाना दूसरी बार बनने वाली हैं मां, बेबी बंप फ्लॉन्ट कर दी गुड न्यूज

**बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की खूबसूरत एक्ट्रेस एक बार फिर खुशखबरी देने जा रही हैं. एक्ट्रेस दूसरी बार मां बनने वाली हैं, और इस बात की जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर शेयर की है.**

**बॉलीवुड** और साउथ सिनेमा की खूबसूरत एक्ट्रेस एक बार फिर खुशखबरी देने जा रही हैं. एक्ट्रेस दूसरी बार मां बनने वाली हैं, और इस बात की जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर शेयर की है. उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी एक ब्लैक एंड व्हाइट फोटो शेयर की है, जिसमें वो अपने बेबी बंप के साथ नजर आ रहीं हैं. हम बात कर रहे हैं, इलियाना डिक्रूज की. जिन्होंने ये गुड न्यूज बेहद अलग तरीके से अपने फैंस के साथ शेयर की है. इस फोटो में इलियाना के साथ उनकी एक और प्रेग्नेंट दोस्त भी नजर आ रही हैं. और अपने-अपने बेबी बंप को बड़े ही प्यार से फ्लॉन्ट कर रही हैं. दरअसल, जनवरी 2025 में ही इलियाना ने एक वीडियो शेयर कर फैंस को नए साल की बधाई दी थी, तभी से कयास लगने लगे थे, कि एक्ट्रेस शायद फिर से मां बनने वाली हैं. इसके बाद फरवरी में उन्होंने अपनी मिडनाइट क्रेविंग्स की फोटो शेयर कर इस खबर पर मुहर लगा दी थी. इस बीच फरवरी में उन्होंने एक फोटो शेयर की थी, जिसमें कुछ स्नैक और एंटासिड च्यू के पैकेट दिख रहे थे. जिसके कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा था, बिना बताए बताओ कि आप प्रेग्नेंट हैं? बता दें कि इलियाना ने 2023 में अमेरिकी माइकल डोलन से गुपचुप तरीके से शादी की थी. उसी साल अप्रैल में उन्होंने अपनी पहली प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी. अगस्त 2023 में उन्होंने बेटे कोआ फीनिक्स डोलन का वेलकम किया था.





मैं जब तक किसी रोल को निभा रही होती हूं

# वो मेरे अंदर रहता है

पंकज त्रिपाठी और श्वेता बसु की जोड़ी वेब सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस' का चौथा सीजन लेकर आ रहे हैं। इस बार इसमें उनके साथ दिखेंगी सुरवीन चावला। मेरे साथ ऐसा है कि मैं जब तक किसी रोल को निभा रही होती हूं, वो मेरे अंदर रहता है। जैसे ही किरदार खत्म होता है, मैं उससे बाहर आ जाती हूं। मैंने एक बार किरदार छोड़ दिया फिर वो छूट ही जाता है। मैं ज्यादा वक्त तक उस किरदार में रह नहीं पाती। सीजन-4 में अंजू एक किस्म की इमोशनल कोर भी है। उसकी लाइफ के कुछ फैसले, गलत को सही से परे करना, ये सारी बातें शो के दौरान कठिन और सरप्राइजिंग रहा। मुझे इस शो के कास्ट एंड क्रू के साथ काम करके बहुत मजा आया। मैंने इस चीज को बहुत एंजॉय किया। सीन कट होने के बाद हम सबकी जो एनर्जी होती थी, वो यादगार रहेगी। शायद, इस वजह से भी मैं अपने किरदार से आसानी से निकल जाती थी। रोहन सर की एक और बात है, जो उन्हें अलग बनाती है। वो जो भरोसा हम पर रखते थे, ऐसा लगता था कि किरदार का पकड़ हमारे हाथ में है। ऐसा भरोसा अगर एक डायरेक्टर अपने एक्टर्स के हाथ में सौंप दे तो मजा दोगुना हो जाता है।

# वापसी पर बोले फरदीन - दर्शकों और निर्माताओं के प्यार के लिए आभारी हूं



अभिनेता फरदीन खान अपकमिंग फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आएंगे। हाउसफुल उनकी चौथी फिल्म है। खान ने एक साल में तीन अलग-अलग भूमिकाएं निभाकर पर्दे पर वापसी के बारे में बात की। उन्होंने वापसी और शानदार किरदार के लिए फिल्म निर्माताओं और दर्शकों का आभार जताया। फरदीन मंगलवार को मुंबई में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च में शामिल हुए, जहां मीडिया ने उनसे निर्देशकों के साथ उनकी पिछली तीन फिल्मों में उनके लगातार प्रदर्शन के बारे में पूछा। वहीं, 'हाउसफुल 5' चौथे नंबर पर है। अभिनेता ने ट्रेलर लॉन्च के मौके पर मीडिया से कहा, जब मैं वापस आने के बारे में सोचता हूं तो ऐसा लगता है कि मैं दूसरी बार आया हूं। अपने को-स्टार्स के साथ प्यार और सम्मान के साथ मिलने और फिर से काम करने के लिए आभारी और उत्साहित हूं। 12 साल की अवधि के बाद वापसी करना कुछ ऐसा नहीं है जिसकी आप योजना बनाएं। मैंने बस इसके लिए तैयारी की है। मुझे बस इतना पता था, यह वही है जो मैं करना जानता हूं। मुझे सेट पर होने की याद आती है। मुझे कहानियां सुनाने का हिस्सा बनने की याद आती है। मुझे उन लोगों के बीच होने वाले जुड़ाव की याद आती है जिनके साथ आप गहरे रूप से लंबे समय तक काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए हाउसफुल 5 चौथी रिलीज होगी और यह सबसे बड़ी कॉमेडी फ्रैंचाइज भी है। हिंदी फिल्म इतिहास की सबसे सफल कॉमेडी फ्रैंचाइज होगी जो सभी को खुशी और प्यार देने के लिए तैयार है। दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। मेरे लिए इसके जरिए वापसी एक जश्न की तरह है।

# हितेन तेजवानी ने छोटे पर्दे पर बदलाव पर की बात, कहा- टीवी इंडस्ट्री में कंपटीशन जरुरी



**टीवी** के जाने-माने अभिनेता हितेन तेजवानी ने खास बातचीत में भारतीय टीवी इंडस्ट्री के बदलाव पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि टीवी बदल रहा है और इसमें कामयाब होने के लिए मेहनत, लगन और लगातार अच्छे काम करना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अपनी मेहनत और प्रदर्शन की बदौलत टीवी इंडस्ट्री में एक खास जगह बनाई है। हितेन का मानना है कि टीवी इंडस्ट्री में कंपटीशन होना बहुत जरूरी है, क्योंकि हर दिन नए-नए कलाकार आते रहते हैं। यहां सफल बने रहने के लिए सबसे जरूरी है खुद पर भरोसा रखना, अपने काम पर पूरा ध्यान देना और समय के साथ खुद को बदलना और सुधारना। हितेन ने कहा, टीवी शो में काम करते समय, को-एक्टर्स के बीच थोड़ी बहुत आगे बढ़ने की होड़ चलती रहती है।

यह जरूरी भी है। लेकिन यह एक सकारात्मक कंपटीशन की तरह है। ये ऐसा नहीं होता कि मैं ही सबसे अच्छा दिखूं या मैं सबसे बेहतर हूं। असल में आप चाहते हैं कि आप अपना काम इस तरह करें कि पूरा सीन अच्छा और बेहतर लगे। आपकी परफॉर्मेंस से पूरा सीन और कहानी उभरकर आए। हितेन ने आगे कहा, अगर आपकी एक्टिंग अच्छी है या आप दूसरे कलाकारों के साथ अच्छा मुकाबला करते हैं, तो इससे सीन और बेहतर होता है। इसलिए इसमें कुछ भी गलत नहीं है। अगर कंपटीशन अच्छा और सकारात्मक हो, तो वह हमेशा स्वागतयोग्य होता है। पवित्र रिश्ता के अभिनेता हितेन ने बताया कि ऑफ स्क्रीन अच्छे रिश्ते बनाना बहुत जरूरी है। इससे स्क्रीन पर एक्टिंग और भी असरदार होती है। उन्होंने कहा, अगर ऑफ स्क्रीन आप अच्छे दोस्त हैं या साथ में मस्ती करते हैं, तो स्क्रीन पर आपकी केमिस्ट्री अपने आप अच्छी दिखती है। इसके लिए ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ती। हितेन ने बताया कि सेट पर उनके साथ काम करने वाले कई साथी उन्हें प्रैंकस्टर मानते हैं। लेकिन उन्हें लगता है कि वह एक ऐसे इंसान हैं जो सबके मूड को हल्का-फुल्का और आरामदायक बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा , मैंने अभी तक किसी के साथ कोई प्रैंक नहीं किया है। मुझे लगता है मैं चीजों को साधारण रखना पसंद करता हूं। मैं थोड़ा मजाक-मस्ती कर लेता हूं, लेकिन किसी के साथ कोई शरारत नहीं करता। हितेन तेजवानी दस साल से भी ज्यादा समय से टीवी इंडस्ट्री में हैं। फिलहाल, वह टीवी शो मेरी भव्य लाइफ में नजर आ रहे हैं।

-साभार-एजेंसी

# मेरे अंदर स्टार वाला एटीट्यूड नहीं है



पंकज त्रिपाठी और श्वेता बसु की जोड़ी वेब सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस' का चौथा सीजन लेकर आ रहे हैं। इस शो का पहला सीजन साल 2019 में आया था। 7 साल बाद भी इस लीगल ड्रामा को लेकर ऑडियंस में क्रेज बरकरार है। हर सीजन में माधव मिश्रा के किरदार को ऑडियंस का खूब प्यार मिला है। पंकज त्रिपाठी और श्वेता बसु को ऑन स्क्रीन दांव पेंच को ऑडियंस ने तीसरे सीजन में खूब पसंद किया था।

**आपके चेहरे में आम आदमी वाला एहसास है, जिससे हर कोई कनेक्ट हो जाता है। इस बात को मेंटेन करना कितना मुश्किल है?**

बहुत मुश्किल नहीं है। मेरे जैसा होने के लिए एफर्ट लगाने की जरूरत नहीं होती है। मैं रील और रियल दोनों जगह इस चीज को मेंटेन करता हूं। मेरे साथ दूसरी चुनौतियां हैं। मैं एक्टर हूं और मेरे अंदर वो एक्टर वाला एलिमेंट क्यों नहीं आता है? मेरे अंदर क्या केमिकल लोचा है। मूडी, थोड़ा गुस्सैल, स्टाइलिश, एटीट्यूड दिखाना, ये सब एक्टर एलिमेंट होते हैं। मेरे अंदर ये बात आज तक नहीं आ पाई। मैं बहुत बोरिंग इंसान हूं। मेरी वाइफ को भी बोरिंग इंसान लगता हूं।

**इस शो में आप सबके लिए सबसे यादगार क्या रहा?**

रोहन सिप्पी जिस तरह से अपने एक्टर्स और यूनिट को हैंडल करते हैं, वो वाकई में कमाल होता है। उनके साथ काम करना अपने आप में एक यादगार पल है।

कभी नहीं लगा कि हम कुछ बड़ा या बहुत भारी टास्क कर रहे हैं, जबकि 6-7 एपिसोड काफी भारी हैं। इसके अलावा खुशकिस्मती कहिए, पूरी कास्ट भी कमाल की मिली है। सीन कट होने के बाद सबसे एक अलग बॉन्डिंग थी। सेट पर एक घरेलू माहौल होता था। रोहन की जितनी तारीफ की जाए वो कम है। वो बड़ा से बड़ा सीक्वेंस इतनी आसानी से करा लेते थे।

**आपके डायलॉग मीम कल्चर का हिस्सा हैं। इस शो में भी ऐसे कई डायलॉग हैं। ये स्क्रिप्ट में होता है या आप खुद क्रिएट करते हैं।**

मैं खुद भी जोड़ता हूं। इस शो का किरदार माधव हिंदी इलाके से आता है। मुंबई के मीरा रोड में रहकर सर्वाइवल की लड़ाई लड़ रहा है। यहां रहते हुए वो मुंबई की भाषा बोलने लगा है। मुंबईकर होने के बाद भी, वो अपने गांव-घर वाले मुहावरे बोलता है।

जैसा कि श्वेता ने कहा कि वो किरदार की तैयारी करती हैं। ठीक वैसे मैं भी जो बिहारी मुहावरे मैं जानता हूं, वो माधव के मुंह से बुलवाता हूं।

**जब अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने पहली बार कहानी नेरेट की थी, तब आपको लगा था कि ये इंडिया की लांगेस्ट रनिंग सीरीज बन जाएगी।**

मुझे बिल्कुल ऐसा नहीं लगा था। कहानियां अच्छी हैं इसलिए लोगों को पसंद आती हैं। मैं अपनी बात करूं तो मुझे चौथे सीजन की कहानी बहुत पसंद आई। मैंने पहला एपिसोड सुनकर बोल दिया था कि बढ़िया कहानी है। लीगल ड्रामा इसलिए भी लोगों को पसंद आ रहा क्योंकि उन्हें नई- नई चीजें पता चलती हैं।

# न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का 77 वर्ष की आयु में निधन

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का गुरुवार को क्राइस्टचर्च में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ट्रिस्ट के निधन की पुष्टि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने की है। ट्रिस्ट का न्यूजीलैंड को साल 2000 की चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम रोल रहा है। ये आईसीसी ट्रॉफी कीवी टीम ने ट्रिस्ट की कोचिंग में ही जीती थी। ट्रिस्ट कैंटरबरी के पूर्व तेज गेंदबाज थे, जिन्होंने 1968 से 1982 तक 14 साल के खेल करियर के दौरान 24 प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले। ट्रिस्ट ने 1999 से 2001 तक दो साल न्यूजीलैंड की पुरुष टीम को कोचिंग दी और 15 अक्टूबर 2000 को नैरोबी में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जिताई, जो टीम का एकमात्र वैश्विक व्हाइट बॉल खिताब है। फाइनल में न्यूजीलैंड ने क्रिस केर्न्स के नाबाद शतक की मदद से भारत को चार विकेट से हराया था।



न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, पूर्व ब्लैककैप्स कोच डेविड ट्रिस्ट के निधन की पुष्टि करते हुए एनजीसी को गहरा दुख हुआ है, जिनका कल क्राइस्टचर्च में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कैंटरबरी और न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड ने 1999 से 2001 तक ब्लैककैप्स को कोचिंग दी, जिस दौरान उन्होंने नैरोबी में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। एनजीसी डेविड के परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है। अपने प्रथम श्रेणी के करियर में ट्रिस्ट ने 57 विकेट लिए और 1972 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में विक्टोरिया के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए खेले। न्यूजीलैंड की भूमिका छोड़ने के बाद, ट्रिस्ट क्राइस्टचर्च के ओल्ड कॉलेजियंस क्रिकेट क्लब के कोचिंग डायरेक्टर बन गए और साथ ही भारत और इंग्लैंड में भी काम किया। इससे पहले उन्होंने 1989-1993 के दौरान कैंटरबरी के साथ और विदेशों में दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड और हांगकांग में सफलता हासिल की थी। उन्होंने 1989 में ईस्टर्न प्रोविंस को दक्षिण अफ्रीका का खिताब दिलाया और नीदरलैंड को कोचिंग दी, फिर स्वदेश लौटकर कैंटरबरी और ऑकलैंड को कोचिंग दी।

## आरसीबी इन आईपीएल फाईनलः

# क्या आरसीबी फिर बनेगा आईपीएल फाइनल का चोकर?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल इतिहास की सबसे चर्चित और इमोशनल टीमों में शुमार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू एक बार फिर खिताब के मुहाने पर खड़ी है. 2009, 2011 और 2016 में फाइनल तक का सफर तय करने के बावजूद यह टीम खिताब से चूक गई थी.



आईपीएल की शुरुआत के बाद से अब तक एक पीढ़ी बदल गई है, लेकिन आरसीबी टीम आज तक आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है. इस बार आईपीएल में जिस तरह से खेली है, उसने कई रिकॉर्ड भी बनाए हैं. मसलन वो 18 सालों के इतिहास में पहली ऐसी टीम बनी, जिसने अपने सभी होम अवे (दूसरी वेन्यू) गेम जीते. यानी ई साला कप नामदे जिसका मतलब है कि इस साल कप हमारा है वाली बात सच साबित हो सकती है. ई साला कप नामदे कन्नड़ भाषा का स्लोगन है, जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फैन्स बीच बेहद पॉपुलर है. पंजाब को 29 मई को हुए क्वालिफायर 1 में पटखनी देने के बाद आरसीबी ने आईपीएल 2025 फाइनल का टिकट सिक्योर कर लिया है. ऐसे में आरसीबी की उम्मीदें एक बार फिर आसमान पर हैं, इस बार यह टीम नए कप्तान रजत पाटीदार के नेतृत्व में इतिहास रचने की दहलीज पर है. पर, आरसीबी की टीम के साथ इतिहास के पन्नों में तमाम किंतु जुड़े हुए हैं. ये पुराने पन्ने आरसीबी को आईपीएल फाइनल में मिली हार की याद दिला रहे हैं. क्या इस बार कप्तान पाटीदार की अगुवाई में आरसीबी फाइनल के चोकर के टैग को मिटा पाएगी? या फिर ये फाइनल भी बीते फाइनल्स की तरह होगा, यह देखने वाली बात होगी. क्योंकि आईपीएल फाइनल में जाकर यह टीम चोकर बन जाती है. टीम के डरावने रिकॉर्ड इस बात की बानगी हैं. यानी एक बात साफ है कि आरसीबी कई बार आईपीएल चैम्पियनबनने की कगार पर पहुंची है, लेकिन फाइनल फ्रंटियर उनसे क्रॉस नहीं हुआ है.

ऐसे में यह सवाल होगा कि क्या इस बार यह टीम चोकर (चोकर का मतलब क्रिकेट के लिहास से उस टीम के लिए होता है जो अहम मौकों पर, खासकर बड़े मुकाबलों में या फाइनल में जीत के बेहद करीब पहुंचकर भी हार जाता है) का टैग हटा पाएगी या नहीं...

## एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिपः

# अविनाश ने रचा इतिहास 36 साल बाद 3000 मीटर स्टीपलचेज में गोल्ड दिलाया, मेडल टैली में भारत दूसरे नंबर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने गुरुवार को एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में मेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 8:20.92 सेकंड का समय निकालकर 36 सालों बाद भारत को इस इवेंट में गोल्ड मेडल दिलाया। एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 साउथ कोरिया के गुमी में जारी है। भारत ने पिछली बार 1989 में इस इवेंट में गोल्ड जीता था, तब दीना राम ने ये कारनामा किया था। वहीं 1975 में हरबेल सिंह स्टीपलचेज में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। साउथ कोरिया के गुमी में जारी इस चैंपियनशिप में जीत के बाद साबले ने कहा, मुझे गोल्ड मेडल जीतने का पूरा भरोसा था, क्योंकि मैं इस क्षेत्र में बेस्ट था। ज्योति ने भी गोल्ड जीता ज्योति याराजी ने 100 मीटर के हर्डल रेस को महज 12.96 सेकंड में पूरा करके गोल्ड मेडल जीता। ज्योति का पिछला रिकॉर्ड 12.99 सेकंड का था। भारत ने अब तक 14 मेडल जीते भारत 26वें एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक अलग-अलग कॉम्पटीशन में 14 मेडल जीत चुका है। पॉइंट्स टेबल में देश दूसरे पायदान पर हैं। भारत ने 5 गोल्ड, 6 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज जीते हैं। इससे पहले 2023 सीजन में भी भारत ने 4×400 मीटर मिक्स्ड रिले में गोल्ड मेडल जीता था।




# आरसीबी से हार के बाद खिलाड़ियों को खुद पर संदेह करने से बचना चाहिए :गेंदबाजी कोच

**मुल्लांपुर, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के क्वालीफायर एक में खराब प्रदर्शन के बावजूद 11 साल में पहली बार फाइनल में पहुंचने की उम्मीद लगाए पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी खिताबी मुकाबले में पहुंचने के अपने अगले प्रयास से पहले 'खुद पर संदेह करने से बचें।

पंजाब किंग्स ने अपने आक्रामक खेल के साथ लीग चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया लेकिन बृहस्पतिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। टीम के पास रविवार को दूसरा क्वालीफायर जीतकर फाइनल में जगह पक्की करने का एक और मौका मिलेगा। होप्स ने इस करारी शिकस्त के बाद कहा, 'हमारे बल्लेबाजों के लिए सबसे बुरी यह हो सकती है कि वे खुद पर संदेह करने लगे। उन्होंने कहा, 'हमने शुरुआती ओवर में अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन उसके बाद लगातार विकेट गंवाते रहे। यह जरूरी है कि हम इस प्रदर्शन को पीछे छोड़कर आगे बढ़े। हमें कल (शुक्रवार) यात्रा करनी है और रविवार को एक और मैच खेलना है और अब हम इसे कठिन तरीके से करने जा रहे हैं।



उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि हम मंगलवार रात (फाइनल) को फिर से आरसीबी से भिड़ेंगे। तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों ने जरूरत से ज्यादा आक्रामक रवैया अपनाया जिससे टीम 101 रन पर आउट हो गयी। चोट से वापसी कर रहे जोश हेजलवुड और लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने तीन-तीन विकेट लेकर पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया। होप्स ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो हमने बल्ले से बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन अब हमारे पास फाइनल में पहुंचने का एक और मौका है। हमने दूसरा मौका पाने का अधिकार हासिल करने के लिए दो महीने से कुछ अधिक समय तक काम किया है और उम्मीद है कि हम इस मौके का फायदा उठाएंगे। उन्होंने कहा कि टीम को अहमदाबाद की पिच रास आएगी।

होप्स ने कहा, 'ऐतिहासिक रूप से यह (अहमदाबाद) बल्लेबाजी के लिए एक बहुत अच्छी पिच है और हम जानते हैं कि हमें काफी मेहनत करनी होगी और काफी तेजी से रन बनाने होंगे।

# आईपीएल2025 के फाइनल में पहुचकर बोले आरसीबी के सुयश शर्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के क्वालीफायर 1 मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने न्यू चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स पर 8 विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज करते हुए 2016 के बाद पहली बार फाइनल में जगह बनाई। जीत के मुख्य कारकों में एक लेग स्पिनर सुयश शर्मा का शानदार प्रदर्शन था। उन्होंने 17 रन देकर 3 विकेट लिए जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मैच के बाद सुयश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचों के एक मंत्र को दिया जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें लगातार कोचों का समर्थन मिला और उन्हें स्टंप्स पर हिट करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा गया। सुयश ने मैच के बाद कहा, कोच ने मुझे सिर्फ एक बात बताई है- मुझे स्टंप्स पर हिट करना है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं गुगली, लेगब्रेक या फ्लिपर फेंकता हूं। इसलिए मैं स्टंप्स पर ज्यादा से ज्यादा गेंदें डालने की कोशिश करता हूं। पिच से कुछ मदद मिल रही थी। मुझे लगता है कि इसीलिए मेरी गुगली को समझना आसान नहीं था। जब पंजाब पहले से ही 5 विकेट पर 59 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था, तब आक्रमण पर आते हुए सुयश ने मजबूत शुरुआत को जारी रखी। उनकी दूसरी गेंद एक अच्छी तरह से निष्पादित गुगली, शशांक सिंह को चकमा दे गई, जो लाइन के पार एक बड़ा स्विंग करने से चूक गए। इससे पहले उन्होंने स्टोइनिस को बोल्ड किया था। डेब्यू करने वाले मुशीर खान को पंजाब किंग्स के इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में क्रीज पर भेजा गया। लेकिन युवा खिलाड़ी का पहला आईपीएल मैच निराशाजनक रहा और सुयश ने उन्हें एक और गुगली पर सिर्फ तीन गेंदों में उन्हें एलबीडब्ल्यूआउट कर दिया।



## नॉर्वे शतरंजः

# गुकेश ने कारुआना को हराया, चौथे राउंड के बाद मैग्नस कार्लसन सबसे आगे



**स्टावेंजर, एजेंसी।** विश्व के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने भारतीय नंबर 2 अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ अंतिम गेम में शानदार जीत के साथ अपनी क्लास दिखाई। पिछले दो राउंड में दो आर्मागेडन गेम हारने वाले नॉर्वेजियन सुपरस्टार ने घरेलू मैदान पर इस जीत के साथ एकल बढ़त बना ली।

विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश और विश्व नंबर 3 फैबियानो कारुआना के बीच बाजी में, अमेरिकी लगभग पूरे गेम में आगे चल रहे थे, उनके पास जीतने के काफी मौके थे। हालांकि, गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के कारण वे अपने लाभ को भुना नहीं सके। इसके बाद गुकेश ने आर्मागेडन गेम को आसानी से जीत लिया। इससे पहले, विश्व चैंपियन गुकेश ने तीसरे राउंड में विश्व नंबर 2 हिकारू नाकामुरा को हराया, और शानदार प्रदर्शन के साथ अपने खिताब की दावेदारी को मजबूत किया। पहले दो राउंड में दो हार के बाद भारतीय प्रतिभा के लिए यह जीत इससे बेहतर पल नहीं हो सकती थी। नॉर्वे शतरंज के पहले दिन गुकेश को दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन के हाथों हार का सामना करना पड़ा। फिर वह तनाव भरे अखिल भारतीय मुकाबले में अर्जुन एरिगैसी से हार गए, लेकिन विश्व चैंपियन ने तीसरे राउंड में नाकामुरा पर जीत और कारुआना के खिलाफ चौथे राउंड में जीत के साथ वापसी की।

चीनी स्टार वेई यी के खिलाफ विश्व नंबर 2 हिकारू नाकामुरा के बीच मुकाबला उनके क्लासिकल हिस्से में एक कड़ा, रोमांचक ड्रॉ रहा। वेई यी ने आखिरकार आर्मगेडन टाईब्रेक में जीत हासिल की, जिससे सभी महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक हासिल हुए। नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में एक और एक्शन से भरपूर दिन देखने को मिला, जिसमें नवागंतुक सरसादत खादेमालशारिह ने टिंगजी लेई के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की। यह नॉर्वे शतरंज में उनकी पहली जीत थी, जो एक रोमांचक आक्रामक प्रदर्शन के माध्यम से हासिल की गई। शेष दो गेम, अन्ना मुजीचुक बनाम वैशाली रमेशबाबू, और विश्व चैंपियन वेनजुन जू बनाम हम्पी कोनेरू, आर्मगेडन में तय किए गए, जो महिलाओं के क्षेत्र की जबरदस्त प्रतिस्पर्धी प्रकृति को उजागर करता है, जहां हर अंक मायने रखता है।वैशाली रमेशबाबू और वेनजुन जू ने अपने आर्मगेडन मैचों में जीत हासिल की, जिससे महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक अर्जित किए। नॉर्वे शतरंज दुनिया के प्रमुख शतरंज टूर्नामेंटों में से एक है, जो एक विशिष्ट 6-खिलाड़ी डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में शीर्ष पुरुष और महिला खिलाड़ियों को एक साथ लाता है।

## 3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी ने ऐसे दिया पछाड़

# हार गए वैभव सूर्यवंशी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के दौरान वैभव सूर्यवंशी का नाम छाया रहा है. छाए भी कैसे नहीं, इतनी विस्फोटक बैटिंग जो की है. सिर्फ 14 साल की उम्र में वो किया है, जो बड़े -बड़े खिलाड़ी नहीं कर सके हैं. राजस्थान रॉयल्स भले ही आईपीएल 2025 के ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई मगर वैभव सूर्यवंशी के लिए ये सीजन विन-विन वाला रहा है.

बहरहाल, हम यहां बात कर रहे उन्हें मिली हार. वैभव सूर्यवंशी को सिर्फ 3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी ने हरा दिया है. अब आप सोच रहे होंगे कि वैभव को हार मिली तो किस चीज में? और किसने उन्हें हराया? आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स का सफर थमने के बाद वैभव सूर्यवंशी का सेलेक्शन अंडर 19 टीम में हुआ है. भारत की अंडर 19 टीम इंग्लैंड दौरा 24 जून से शुरू होने वाला है. जिसका हिस्सा वैभव सूर्यवंशी भी हैं. इंग्लैंड जाने से पहले इंडिया अंडर 19 टीम का कैंप बेंगलुरु में लगा है.



**3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी से हारे वैभव सूर्यवंशी!**

अब आते हैं वैभव सूर्यवंशी को मिली हार पर. जिस मामले में 3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी से हार का सामना करना है, उसका ताल्लुक आईपीएल 2025 के प्रदर्शन से ही जुड़ा है. दरअसल, एक वक्त वैभव सूर्यवंशी का स्ट्राइक रेट आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा था.

लेकिन, ग्रुप स्टेज के मुकाबले खत्म होने के बाद हाईएस्ट स्ट्राइक रेट की फाइनल लिस्टिंग में वैभव सूर्यवंशी पिछड़ गए. उन्हें 3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी उरविल पटेल ने पछाड़ दिया.

**वैभव का स्ट्राइक रेट- 206.55, उरविल का 212.50 का**

राजस्थान रॉयल्स से खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी का स्ट्राइक रेट अ 2025 में खेले 7 मैचों में 206.55 का रहा, वहीं सिर्फ 3 मैच खेलने वाले सीएसके के उरविल पटेल ने 212.50 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए. इस तरह उरविल पटेल आईपीएल 2025 में सर्वाधिक स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज भी रहे. वहीं वैभव को नंबर 2 पर रहना पड़ा.

## इंडिया-इंग्लैंडः

# समय से पहले इंग्लैंड पहुंचेगा भारत का सबसे अनुभवी बल्लेबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट टीम में सबसे सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल 6 जून से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए के लिए दूसरा अभ्यास मैच खेलेंगे। राहुल सोमवार को इंग्लैंड रवाना होंगे। 18 सदस्यीय टेस्ट टीम के सदस्य राहुल ने चयनकर्ताओं को सूचित किया कि वह अभ्यास मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे क्योंकि उनकी आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स क्वालिफायर के लिए क्वालिफाई करने में विफल रही थी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, वह सोमवार को फ्लाइट लेंगे और इंडिया ए टीम के साथ दूसरा अभ्यास मैच खेलेंगे। चूंकि वह सीनियर टीम का हिस्सा हैं, जो सीरीज में पांच टेस्ट मैच खेलेगी, इसलिए इन मैचों से उन्हें गेम टाइम और मैच प्रैक्टिस मिलेगा।



# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 238 रन से रौंदा

**बर्मिंघम, एजेंसी।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के नए कप्तान के रूप में हैरी ब्रूक का कार्यकाल एजबेस्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय मैच में 238 रनों की बड़ी जीत के साथ शुरू हुआ। इंग्लैंड के शुरुआती 7 बल्लेबाजों ने 35 या उससे अधिक रन बनाए। एकदिवसीय मैचों में पहली बार हुआ था जब शुरुआती सात बल्लेबाजों ने 35 या उससे अधिक रन बनाए। ब्रूक उन चार खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने अर्धशतक जड़ा। इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 400 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 27वें ओवर में 162 रन पर आउट कर दिया।

मध्यम गति के गेंदबाज साकिब महमूद (32 रन पर तीन विकेट) ने शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया जबकि तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन (22 रन पर तीन विकेट) ने पुछल्ले बल्लेबाजों को चलता किया। इंग्लैंड के पास रविवार को कार्डिफ में जीत के साथ सितंबर 2023 के बाद से पहली बार एकदिवसीय द्विपक्षीय श्रृंखला को अपने नाम करने का मौका होगा। इस श्रृंखला का तीसरा और आखिरी मैच मंगलवार को ओवल में होगा।



वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने तेज गेंदबाजों के लिए माकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया लेकिन उनके गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन से घरेलू टीम ने शुरुआत में ही दबदबा बना लिया। पहली बार एक साथ पारी का आगाज कर रहे बेन डकेट (60) और जैमी स्मिथ (37) सात ओवर में 64 रन की साझेदारी कर इंग्लैंड को तेज शुरुआत दिलाई। जो रूट ने 57 जबकि ब्रूक ने 58 रन का योगदान दिया। टीम की रनगति ने हालांकि उस समय उड़ान भरी जब बारबडोस में जन्में जैकब बेथल ने 53 गेंद में आठ चौके और पांच छक्के की मदद से 82 रन की पारी खेली।

इंडियन प्रीमियर लीग से यहां लौटे बेथल ने विल जैक्स (24 गेंद में 39 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 44 गेंद में 98 रन की विस्फोटक साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाये। टीम 12वें ओवर में 66 रन पर चार विकेट गवांकर मैच से लगभग बाहर हो चुकी थी। सबसे निचले 11वें क्रम पर बल्लेबाजी के लिए सिल्स नाबाद 29 रन के साथ टीम के सर्वोच्च स्कोरर रहे। होप ने 25 और केसी कार्टी ने 22 रन का योगदान दिया।

# हैरी ब्रूक ने 4000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए



**बर्मिंघम, एजेंसी।** हैरी ब्रूक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और अपने उभरते करियर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 26 वर्षीय ब्रूक ने बर्मिंघम में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे के दौरान 4,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए और सभी प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए 49वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। ब्रूक ने मैच में 45 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 58 रनों की पारी खेली जिससे इंग्लैंड को व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में शानदार जीत हासिल करने में मदद मिली। उनके प्रदर्शन ने उनकी नेतृत्व क्षमता और एक भरोसेमंद मध्य-क्रम बल्लेबाज के रूप में उनके महत्व को रेखांकित किया।

# आतंकवाद से निपटने पर भारत की रणनीति को दक्षिण अफ्रीका में व्यापक समर्थन मिला: प्रतिनिधिमंडल

» जोहानिसबर्ग, भाषा।

पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की सुदृढ़ रणनीति को दक्षिण अफ्रीका के सभी दलों के नेताओं के साथ-साथ नागरिक समाज से भी व्यापक समर्थन मिला है। भारत के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने यह जानकारी दी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से निपटने पर भारत का रुख सामने रखने के लिए 27-29 मई तक दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर था, जहां उसने सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेताओं से मुलाकात की। देश भर में तीन दिन की बैठकों के बाद बृहस्पतिवार को यहां एक प्रेस वार्ता में सुले ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने केपटाउन में कई संसदीय समितियों के साथ-साथ जोहानिसबर्ग में वरिष्ठ मंत्रियों और अन्य पार्टी नेताओं से मुलाकात की। सुले ने कहा, यह बहुत ही सार्थक बातचीत थी और वे सभी इस बात पर सहमत थे कि वे दुनिया में कहीं भी किसी भी प्रकार के आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता के भारत के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं।



सुले के अलावा, प्रतिनिधिमंडल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राजीव प्रताप रूडी, अनुराग ठाकुर और वी मुरलीधरन, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी और आनंद शर्मा, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) नेता लावु श्री कृष्ण देवरायलु, आम आदमी पार्टी (आप) के नेता विक्रमजीत सिंह साहनी और पूर्व राजनयिक सैयद अकबरुद्दीन शामिल हैं। मुरलीधरन ने कहा, हमें यह बहुत उत्साहजनक लगा। उनके भी यही विचार हैं। जिनसे भी हमने बात की, उनमें से कई ने भारतीय लोगों और समाज के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की। चर्चाओं के दौरान एक व्यापक राय और आम सहमति उभरी कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सभी तरह के आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। ठाकुर ने कहा कि दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में गए अन्य बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों को भी इसी तरह का समर्थन मिला है। ठाकुर ने कहा, हमने जो भी रिपोर्ट देखी है, जहां भी अन्य प्रतिनिधिमंडल गए हैं, आतंकवाद के मुद्दे पर अधिकांश लोग इसके पक्ष में आए हैं, क्योंकि यह न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी खतरा है। क्या पाकिस्तान के बातचीत के सुझाव पर भारत सहमत है, इस सवाल पर रूडी ने कहा कि इसके लिए ठोस शर्तें हैं। रूडी ने कहा, जब तक वे आतंक पर पूरी तरह से लगाम नहीं लगा लेते और उसे खत्म नहीं कर देते, तब तक बातचीत का कोई सवाल ही नहीं उठता। हमने पहले ही कई कदम उठाए हैं और यह तब तक जारी रहेगा जब तक हमें उनमें संवेदनशीलता की झलक नहीं मिलती।

## प्रतिनिधिमंडल अल्जीरिया यात्रा के दौरान सीमा पार आतंकवाद पर भारत की चिंता साझा करेगा



**अल्जीयर्स, (भाषा)।** आतंकवाद, विशेषकर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध भारत के निर्णायक एवं दृढ़ रुख को रेखांकित करने के लिए एक सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार से अल्जीरिया का दौरा करेगा।भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल बहरीन, कुवैत और सऊदी अरब की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद अल्जीरिया का दौरा कर रहा है। अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान, प्रतिनिधिमंडल के सदस्य सीमा पार आतंकवाद पर ध्यान केंद्रित करेंगे। प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद, विशेषकर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध भारत के निर्णायक एवं दृढ़ रुख पर प्रकाश डालेगा। अल्जीयर्स स्थित भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा कि प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर जोर देगा। पांडा के अलावा प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा, भाजपा सांसद फंगनोन कोन्याक, भाजपा सांसद सतनाम सिंह संधू और पूर्व विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल उन सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है जिन्हें भारत ने 33 वैश्विक राजधानियों का दौरा करने का दायित्व सौंपा हैं।

## भारत की नीति से अवगत कराने के लिए प्रतिनिधिमंडल लातविया पहुंचा

**रीगा (लातविया), (भाषा)।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की सांसद कनिमोई करुणानिधि के नेतृत्व में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने संबंधी भारत की दृढ़ नीति से अवगत कराने के लिए लातविया पहुंचा है। बृहस्पतिवार को रीगा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का स्वागत लातविया में भारतीय राजदूत नम्रता एस. कुमार ने किया। रीगा स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि शुक्रवार को राजदूत नम्रता ने भारत-लातविया संबंधों और बाल्टिक, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र में लातविया की भूमिका पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को जानकारी दी। दूतावास ने एक बयान में कहा कि यूनान से यहां पहुंचा प्रतिनिधिमंडल लातविया गणराज्य की संसद सईमा के सदस्यों, विदेश मंत्रालय के उच्च अधिकारियों, शिक्षाविदों और अन्य हितधारकों से मुलाकात करेगा। यह समूह उन सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है जिन्हें भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक आतंकवाद पर अपने रुख से अवगत कराने के लिए 33 वैश्विक राजधानियों के दौरे पर भेजा है।

## भारत और इंडोनेशिया को शांति के लिए एक साथ आना चाहिए: इंडोनेशियाई मुस्लिम नेता



**जकार्ता, (भाषा)।** इंडोनेशिया के एक प्रमुख इस्लामी संगठन के अध्यक्ष ने शुक्रवार को भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की। उन्होंने शांति और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत और इंडोनेशिया के एक साथ आने का आह्वान किया। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल, स्थानीय राजनीतिक और कूटनीतिक नेतृत्व और थिंक टैंक को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के रुख से अवगत कराने के लिए यहां आया है। प्रतिनिधिमंडल ने नहदलातुल उलमा कार्यकारी बोर्ड (पीबीएनयू) के अध्यक्ष केएच उलिल अबशार अब्दुल्ला और दुनिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन एनयू के समिति सदस्य खलिली खलिल से मुलाकात की और हिंसा और धार्मिक चरमपंथ के खिलाफ उनका अटूट समर्थन मांगा। जकार्ता स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विविधता में एकता या बिनेका तुंगगल इका के साझा मूल्यों के साथ-साथ सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले शांतिप्रिय देश ने इन मूल्यों को राज्य की नीति और दिनचर्या में अपनाया है। प्रतिनिधिमंडल के नेता ने नेयू नेताओं से भारत को समर्थन देने और दुनिया को एक कड़ा संदेश देने के लिए सीमा पार आतंकवाद की निंदा करने का आग्रह किया। पोस्ट में कहा गया, आतंकवाद और निर्दोष नागरिकों पर हमले की निंदा करते हुए केएच उलिल ने कहा कि वह भारत के दर्द को महसूस करते हैं और उन्होंने भारत और इंडोनेशिया से शांति एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आने का आह्वान किया। प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को नेशनल मैंडेट पार्टी (पीएएन) के नेताओं से मुलाकात की, जिन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि धर्म और नस्ल आतंकवाद फैलाने का आधार नहीं हो सकते। प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया में 20 मित्र देशों के राजदूतों के साथ भी बातचीत की और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की सुनियोजित और मजबूत प्रतिक्रिया पर अपने विचार साझा किए।

भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कार्मिकों का चौथा सबसे बड़ा योगदानकर्ता

# दो भारतीय शांति रक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

**पिछले वर्ष संयुक्त राष्ट्र के झंडे तले सेवा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले दो भारतीय शांति रक्षकों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस पर मरणोपरांत सम्मानित किया गया। यूएन डिसएंगेजमेंट ऑब्जर्वर फोर्स (यूएनडीओएफ) में सेवा देने वाले ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन (एमओएनयूएससीओ) में कार्य कर चुके हवलदार संजय सिंह को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को यहां आयोजित एक समारोह में डैग हैमरशॉल्ड पदक से मरणोपरांत सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पर्वतननेनी हरीश ने दोनों शांति रक्षकों के परिवार की ओर से महासचिव एंतोनियो गुतारेस से यह सम्मान प्राप्त किया। भारत के स्थाई मिशन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, दिवंगत शांति रक्षक हमें मानवता की व्यापक और सामूहिक भलाई के लिए किए गए बलिदानों की याद दिलाते हैं।**



शांति रक्षक दुनिया भर में संकट के समय संयुक्त राष्ट्र का चेहरा बने हुए हैं जो गंभीर रूप से प्रभावित लोगों को शांति और आश्वासन प्रदान करते हैं। भारत ने ब्रिगेडियर झा, हवलदार संजय सिंह और सेवानिवृत्त कर्नल वैभव अनिल काले को याद किया जिन्हें देश ने पिछले वर्ष खो दिया था। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कार्मिकों का चौथा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है। गुतारेस ने 1948 से अब तक जान गंवाने वाले 4,400 से अधिक शांति रक्षकों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की और 57 सैनिकों को मरणोपरांत पदक दिए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, आज विश्व प्रभावी शांति स्थापना की मांग करता है। हम अपने बहादुर शांति रक्षकों की सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों के अंतरराष्ट्रीय दिवस का विषय शांति स्थापना का भविष्य है जो इस बात पर जोर देता है कि संयुक्त राष्ट्र पिछले वर्ष सितम्बर में विश्व नेताओं द्वारा अपनाए गए भविष्य के लिए समझौते में बदलती दुनिया के अनुरूप शांति स्थापना को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जापानी समुद्री खाद्य पदार्थों का आयात फिर से शुरू करेगा चीन : जापान

» तोक्यो, भाषा।

**चीन, जापानी समुद्री खाद्य पदार्थों का आयात फिर से शुरू करेगा। क्षतिग्रस्त फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र से अपशिष्ट जल को समुद्र में छोड़े जाने पर 2023 में उसने इस मार्ग से आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। जापान की ओर से शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। हालांकि, चीन ने मामले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। जापान के कृषि मंत्री शिजिरो कोइज़ुमी ने बताया कि चीन में जापानी और चीन के अधिकारियों की बैठक के बाद दोनों पक्ष एक समझौते पर पहुंच गए हैं। आवश्यक कागजी कार्वाई पूरी हो जाने के बाद आयात पुनः शुरू हो जाएगा। चीन ने जापानी समुद्री खाद्य पदार्थों के आयात पर रोक लगा दी थी क्योंकि उसका कहना था कि इससे पूर्वी चीन में मछली पकड़ने का उद्योग एवं तटीय समुदाय खतरे में पड़ जाएगा। शुक्रवार की घोषणा दोनों देशों के बीच हुए उस समझौते पर आधारित है जिसके अनुसार चीन, संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के जल नमूनाकरण मिशन में शामिल होकर प्रतिबंध को समाप्त करने की दिशा में कदम उठाएगा।**



मार्च 2011 में भूकंप एवं सुनामी आने के बाद फुकुशिमा दाइची संयंत्र के तीन रिएक्टर पिघलने लगे थे जिससे बड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी पानी जमा हो गया था। अगस्त 2023 में जापान ने अपशिष्ट जल की निकासी शुरू करने से पहले रेडियोधर्मिता को यथासंभव कम करने के लिए अपशिष्ट जल का उपचार किया गया और उसे अत्यधिक पतला (तनु) किया गया। जापान का कहना है कि यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के तहत की गई और आईएईए निगरानी के डेटा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। पिछले सितंबर में तत्कालीन प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा था कि दोनों पक्ष एक निश्चित स्तर की आपसी समझ पर पहुंच गए हैं कि चीन आयात प्रतिबंध को कम करने की दिशा में काम करना शुरू कर देगा और अपशिष्ट जल निकासी की आईएईए विस्तारित निगरानी में शामिल होगा। जापान के अंदर और बाहर के लोगों ने अपशिष्ट जल को छोड़े जाने को लेकर विरोध किया था। जापान के मछली पकड़ने वाले समूहों ने कहा था कि उन्हें डर है कि इससे उनके समुद्री भोजन की प्रतिष्ठा को और नुकसान पहुंचेगा।

न्यूज ब्रीफ

## भारत शांति रक्षा का बेहद महत्वपूर्ण समर्थक : संरा शांतिरक्षक प्रमुख

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।



**संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष शांति रक्षक अधिकारी ने कहा है कि भारत शांति रक्षा का एक महत्वपूर्ण समर्थक है, जिसमें शांति रक्षकों के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के प्रयासों में उसकी अग्रणी भूमिका भी शामिल है। संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों के अवर महासचिव ज्यां-पियरे लैक्रोइक्स की यह टिप्पणी बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एक मीडिया सत्र के दौरान आई। वह 24-25 फरवरी को भारत द्वारा आयोजित महिला शांति सैनिकों के पहले सम्मेलन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली आए थे। लैक्रोइक्स ने सम्मेलन में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा, हां, मैं वास्तव में नई दिल्ली और उस सम्मेलन में जाना चाहता था। लैक्रोइक्स ने कहा, सबसे पहले, क्योंकि भारत सेना और पुलिस का बहुत महत्वपूर्ण योगदान देने वाला देश है।**

यह शांति रक्षा का भी एक बहुत महत्त्वपूर्ण समर्थक है, भारत के पुरुषों और महिलाओं के महत्त्वपूर्ण योगदान के अलावा, विभिन्न प्रयासों का समर्थन करने के मामले में भी। मैं विशेष रूप से इस बारे में सोच रहा हूं, लेकिन शांति सैनिकों के खिलाफ अपराध की जवाबदेही पर भारत की ओर से दिए गए नेतृत्व के कई अन्य उदाहरण भी हैं। शांति रक्षा में महिलाएं: एक वैश्विक दक्षिण परिप्रेक्ष्य विषय पर आयोजित दिल्ली सम्मेलन का आयोजन विदेश मंत्रालय द्वारा रक्षा मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक केंद्र के सहयोग से किया गया था। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में वर्दीधारी कर्मियों का चौथा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है। वर्तमान में अबेई, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लेबनान, सोमालिया, दक्षिण सूडान और पश्चिमी सहारा में संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत के 5,300 से अधिक सैन्य और पुलिस कर्मियों की तैनाती है।

# उत्तरी कोरिया, रूस का सैन्य सहयोग संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों का उल्लंघन: अमेरिका व सहयोगी देश

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

**अमेरिका और उसके 10 सहयोगी देशों ने कहा है कि रूस और उत्तर कोरिया के बीच सैन्य सहयोग संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का खुला उल्लंघन है और इससे रूस को यूक्रेन के शहरों पर मिसाइल हमले बढ़ाने में मदद मिली है। रूस ने उत्तर कोरिया पर लगाए गए प्रतिबंधों की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विशेषज्ञों के पैनल द्वारा निगरानी जारी रखने के प्रस्ताव के खिलाफ मार्च 2024 में वीटो का इस्तेमाल किया था। इसके बाद उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों की निगरानी के लिए अमेरिका और 10 अन्य देशों ने हाथ मिलाया था और उन्होंने बृहस्पतिवार को जारी अपनी पहली रिपोर्ट में रूस एवं उत्तर कोरिया पर ए आरोप लगाए। इस बहुपक्षीय प्रतिबंध निगरानी दल में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन शामिल हैं। इस दल की 29 पृष्ठों की रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके द्वारा एकत्र किए गए साक्ष्य दर्शाते हैं कि उत्तर कोरिया और रूस ऐसी अनेक गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त है जो संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध प्रस्तावों के तहत स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित है।**



रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन में युद्ध में रूस के इस्तेमाल के लिए समुद्री, हवाई और रेल मार्ग के जरिए तोप, बैलिस्टिक मिसाइल और लड़ाकू वाहन समेत हथियार एवं संबंधित सामग्री भेजी है। टीम ने कहा कि रूस ने उत्तर कोरिया को वायु रक्षा प्रणाली हस्तांतरित की है और उसकी सेनाओं ने रूसी युद्ध का समर्थन करने के लिए तैनात उत्तर कोरिया के सैनिकों को प्रशिक्षित किया है। रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के तहत तय वार्षिक सीमा से कहीं अधिक मात्रा में उत्तर कोरिया को परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति की है तथा प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए उत्तर कोरिया के साथ बैंकिंग संबंध भी बनाए रखे हैं। इन 11 देशों ने कहा कि इस गैरकानूनी सहयोग से मॉस्को को यूक्रेनी शहरों पर मिसाइल हमले बढ़ाने में मदद मिली है। इन हमलों में अहम असैन्य बुनियादी ढांचों पर किए गए लक्षित हमले भी शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र स्थित रूसी मिशन से इस रिपोर्ट पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। रिपोर्ट में एक जनवरी 2024 से 30 अप्रैल 2025 के बीच की अवधि को शामिल किया गया है तथा इस बात के साक्ष्य दिए गए हैं कि रूस और उत्तर कोरिया निकट भविष्य में अपने सैन्य सहयोग को और अधिक गहरा करने का इरादा रखते हैं।

## मॉस्को रूस-भारत-चीन त्रिकोणीय प्रारूप को फिर से सक्रिय करना चाहता है : लावरोव



**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि उनके देश की रुचि वास्तव में रूस-भारत-चीन (आरआईसी) त्रिकोणीय प्रारूप को फिर से सक्रिय करने की है। भारत और चीन की सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में 2020 में उत्पन्न हुए गतिरोध के बाद आरआईसी प्रारूप बहुत सक्रिय नहीं रहा है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने लावरोव को उद्धृत किया, मैं त्रिकोणीय - रूस, भारत, चीन - प्रारूप को फिर से सक्रिय करने की हमारी वास्तविक रुचि को दोहराना चाहता हूं, जिसकी स्थापना कई साल पहले (रूस के पूर्व प्रधानमंत्री) एवगेनी प्रिमाकोव की पहल पर हुई थी। इस त्रिकोणीय प्रारूप के तहत अबतक अब तक 20 से अधिक बार मंत्रिस्तरीय बैठकें आयोजित की हैं गई हैं। ए बैठकें न केवल विदेश नीति प्रमुखों के स्तर पर, बल्कि तीनों देशों की अन्य आर्थिक, व्यापार और वित्तीय एजेंसियों के प्रमुखों के स्तर पर भी हुई हैं। रूस के विदेश मंत्री यूराल पर्वतों से घिरे पर्म शहर में यूरेशिया में सुरक्षा और सहयोग की एकल और न्यायसंगत प्रणाली बनाने पर एक अंतरराष्ट्रीय सामाजिक और राजनीतिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह शहर यूरोप और एशिया की सीमा पर है। लावरोव ने कहा, जैसा कि मैं समझता हूं, अब भारत और चीन के बीच सीमा पर स्थिति को सामान्य बनाने के तरीके पर सहमति बन गई है, और मुझे लगता है कि इस आरआईसी त्रिकोणीय प्रारूप को फिर से सक्रिय करने का समय आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका नीत उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) खुलेआम भारत को चीन विरोधी षड्यंत्रों में शामिल करने की कोशिश कर रहा है। लावरोव ने कहा, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारे भारतीय मित्र और मैं जाहिर तौर पर इस प्रवृत्ति को देखते हैं और यह बात उनके साथ गोपनीय बातचीत के आधार पर कह रहा हूं। इसे वास्तव में एक बड़ी उकसावे वाली कार्रवाई माना जा सकता है।

## भारत से स्वदेश लौटने पर श्रीलंकाई शरणार्थी गिरफ्तार

» कोलंबो, भाषा।

**श्रीलंका के आव्रजन अधिकारियों ने 75 वर्षीय एक श्रीलंकाई तमिल व्यक्ति को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह भारत के एक शरणार्थी शिविर से जाफना लौटा। देश की प्रमुख तमिल पार्टी ने शुक्रवार को यह दावा किया। तमिल नेशनल अलायंस (टीएनए) के सदस्य एम ए सुमंथिरन ने एक बयान में बताया कि यह व्यक्ति भारत में स्थित एक शरणार्थी शिविर से लौट रहा था और उसे संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) द्वारा शरणार्थी के रूप में प्रमाणित किया गया था।**

उन्होंने कहा कि उस व्यक्ति को जाफना स्थित पलाली हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने हिरासत में लिया और फिर आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा उसे उत्तरी प्रांत की मल्लाकम मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया जहां अदालत ने उसे पांच जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2022 में भारत के 100 से अधिक शिविरों में 58,000 से अधिक श्रीलंकाई शरणार्थी रह रहे थे। ये शरणार्थी 1980 के दशक में श्रीलंका के उत्तर और पूर्वी हिस्सों में सशस्त्र संघर्ष से बचने के लिए तमिलनाडु गए थे।

राहत सामग्री छीनने में धक्का-मुक्की | गाजा में खाद्य वितरण स्थलों पर अराजकता

# इजराइली सैनिकों ने फलस्तीनियों की बड़ी भीड़ को हटाने के लिए गोलियां चलाई

» नुसेरात (गाजा पट्टी), भाषा।

**गाजा पट्टी में फलस्तीनियों के लिए अमेरिका और इजरायल समर्थित एक नए फाउंडेशन द्वारा संचालित खाद्य वितरण केंद्रों पर लोगों के भोजन प्राप्त करने के दौरान बृहस्पतिवार को फिर अराजकता फैल गई। कई प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राहत सामग्री छीनने के लिए लोगों के बीच धक्का-मुक्की हो गई और इजराइली सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए गोलियां चलाईं। मध्य गाजा में, एसोसिएटेड प्रेस वीडियो में बम से एक वितरण केंद्र के चारों ओर हवा में धुआं फैलता दिखा, और एक इजराइली टैंक के पास से गुजरने पर गोलियों की आवाज सुनाई दी।**



प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि यह इजराइली सैनिक थे जिन्होंने बृहस्पतिवार को केंद्र में आपूर्ति समाप्त होने के बाद फलस्तीनियों की बड़ी भीड़ को हटाने के लिए गोलियां चलाई थीं। पैर में चोट लगने के कारण बैसाखी पर निर्भर महमूद इस्माइल ने कहा, मैं आटे की एक बोरी समेत कुछ अन्य चीजों के लिए आया था। इस्माइल ने कहा कि वह केंद्र तक पहुंचने के लिए मीलों पैदल चले, लेकिन खाली हाथ लौटना पड़ा। उन्होंने कहा, मेरे घर में खाना नहीं है। मैं अपने बच्चों के लिए खाना नहीं जुटा पा रहा हूं। क्षेत्र में तीन वितरण केंद्र संचालित कर रहे गाजा ह्यूमैन टेरीअन फाउंडेशन (जीएचएफ) द्वारा इस सप्ताह शुरू की गई राहत आपूर्ति व्यवस्था में उथल-पुथल मची हुई है। संयुक्त राष्ट्र और अधिकतर मानवीय समूहों के विरोध के बावजूद इजराइल ने जीएचएफ को गाजा में खाद्य वितरण का जिम्मा संभालने के लिए नियुक्त किया है। पिछले तीन दिन में, जीएचएफ केंद्रों पर गोलीबारी की खबरें आ रही हैं, और गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई है तथा दर्जनों घायल हुए हैं। इजराइली सेना ने कहा कि उसने हाल में गाजा में लगभग 1,000 ट्रकों से आपूर्ति की सुविधा प्रदान की है। उसने संयुक्त राष्ट्र पर सामान वितरित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उसने दावा किया कि सहायता सामग्री चुराने और शेष बंधकों को रिहा करने से इनकार करने के कारण हमास इस संकट के लिए जिम्मेदार है। इजराइली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल इफेई डेफ्रिन ने कहा कि सेना नागरिकों की मानवीय आवश्यकताओं को पूरा करना जारी रखेगी, साथ ही यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी कि राहत सामग्री हमास के हाथों में न पहुंचे। मीडिया को केंद्रों तक पहुंचने की अनुमति नहीं होने के कारण, परिस्थितियां अब भी अस्पष्ट हैं। राहत सामग्री वितरण केंद्रों की सुरक्षा सशस्त्र निजी ठेकेदारों द्वारा की जाती है, और आस-पास इजराइली सेनाएं तैनात रहती हैं। मंगलवार को, इजराइली सेना ने कहा कि उसने एक केंद्र के बाहर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हवा में गोलियां चलाई थी। दक्षिणी शहर खान यूनिस के नासेर अस्पताल के सर्जन डॉ. खालिद एलसर ने बताया कि उन्होंने बृहस्पतिवार को वितरण केंद्रों पर घायल हुए दो लोगों का इलाज किया। इसमें 17 वर्षीय एक लड़की और 20 वर्षीय लड़का था। उन्होंने कहा कि दोनों को सीने और पेट में गोली लगी थी। उन्होंने कहा कि केंद्रों से अन्य हताहत लोग भी आए थे, लेकिन उनके पास सटीक संख्या नहीं है।

# सीडीएस अनिल चौहान शनिवार को सिंगापुर में शांगरी ला वार्ता को संबोधित करेंगे

» सिंगापुर, भाषा।

**भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) अनिल चौहान शुक्रवार से रविवार तक यहां आयोजित होने वाली 22वीं शांगरी ला वार्ता में हिस्सा लेने के लिए सिंगापुर में हैं। शांगरी ला वार्ता को सबसे बड़े रक्षा मंचों में से एक माना जाता है। इस महत्वपूर्ण वार्ता के दौरान जनरल चौहान शनिवार को भविष्य के युद्ध और युद्धकला विषय पर अपने विचार रखेंगे। चौहान कार्यक्रम के तहत विशेष सत्रों में भी भागीदारी करेंगे और भविष्य की चुनौतियों के लिए रक्षा नवोन्मेष समाधान विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि जनरल चौहान ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, जापान, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, फिलीपीन, सिंगापुर, ब्रिटेन और अमेरिका के वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों और सैन्य नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।**



इन वार्ताओं में सैन्य संबंधों को मजबूत करने, रक्षा सहयोग को बढ़ाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की संभावना है। दक्षिण एशियाई पर्यवेक्षकों के अनुसार, शांगरी ला वार्ता एक बड़ा रक्षा आयोजन है जहां रक्षा विशेषज्ञ भारत और पाकिस्तान संबंधी परिदृश्य को समझने की कोशिश करेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ भी वार्ता को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में 40 मंत्री-स्तरीय प्रतिनिधियों सहित 47 देशों के रक्षा विशेषज्ञों के भाग लेने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन के रक्षा मंत्री डोंग जून को वार्षिक वार्ता में नहीं भेजेगा। इसके बजाय, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधिमंडल तीन दिवसीय सम्मेलन में भाग लेगा, जिसमें रक्षा मामलों, विशेष रूप से ताइवान पर अमेरिका-चीन के रुख और दक्षिण चीन सागर में समुद्री अधिकार क्षेत्र पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,